▪ श्रावण शुक्ल - 1 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 19 ▪ अंक - 25 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- बेंगलूरु » गुरुवार » 17-08-2023 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



3 मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने केंद्रीय फंड में कम हिस्सेदारी पर जताई आपत्ति

5 जसप्रीत बुमराह ने 11 महीने बाद भारतीय नेट्स पर गेंदबाजी की

6 लालकिले से प्रधानमंत्री के मन की बात

## फर्स्ट टेक

### नूंह हिंसा: बिट्टू बजरंगी को पुलिस हिरासत में भेजा गया

**गुरुग्राम/नूंह (हरियाणा)/भाषा।** हरियाणा में नूंह की एक अदालत ने 'गौ रक्षक' बिट्टू बजरंगी को जिले में भड़की सांप्रदायिक हिंसा के सिलसिले में बुधवार को एक दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने कहा है कि उसके साथियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। 31 जनवरी को जिले में हिंसा भड़क गई थी। पुलिस के मुताबिक, सहायक पुलिस अधीक्षक (एएसपी) ऊषा कुंडू की शिकायत पर नूंह के सदर थाने में बजरंगी उर्फ राज कुमार के खिलाफ नई प्राथमिकी दर्ज की गई थी जिसके बाद उसे मंगलवार को फरीदाबाद से गिरफ्तार कर लिया गया।

### चेक गणराज्य ने अमेरिकी सैनिकों की तैनाती संबंधी समझौते को अंतिम रूप दिया

**प्राग/एपी।** चेक गणराज्य ने बुधवार को अमेरिका के साथ एक रक्षा संधि को अंतिम रूप दिया, जो सैन्य सहयोग को गहरा करेगी और चेक क्षेत्र में अमेरिकी सैनिकों की तैनाती को आसान बनाएगी। चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री पेट्र फियाला का हस्ताक्षर रक्षा सहयोग समझौते की प्रक्रिया का अंतिम चरण था, जिसका जुलाई में संसद के दोनों सदनों और एक अगस्त को राष्ट्रपति पेट्र पावेल ने अनुमोदन किया था। यह संधि देश में अमेरिकी सैनिकों की संभावित तैनाती के लिए एक कानूनी ढांचा निर्धारित करती है। यह समझौता ऐसे समय में अंतिम रूप ले रहा है, जब रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध जारी है। चेक गणराज्य के रक्षा मंत्री जे. सेर्नोचोवा ने 23 मई को वाशिंगटन में अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन के साथ संधि पर हस्ताक्षर किए थे। अमेरिका का 24 अन्य नाटो सदस्यों के साथ भी इसी तरह का समझौता है।

### रूस ने फिर किया यूक्रेन के अनाज गोदाम पर हमला

**कीव/एपी।** रूस ने यूक्रेन के दक्षिणी ओडेसा क्षेत्र में अनाज गोदामों को निशाना बना कर एक बार फिर हमला किया है। स्थानीय अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बीती रात ड्रोन के जरिये डेन्यूब नदी के किनारे स्थित बंदरगाहों और उन अनाज गोदामों को निशाना बनाया गया, जिनका उपयोग यूक्रेन, यूरोप को अनाज भेजने के लिए कर रहा है। काला सागर के रास्ते युद्धकालीन निर्यात से जुड़े एक प्रमुख समझौते को रूस द्वारा तोड़े जाने के बाद यूक्रेन ने इन बंदरगाहों का उपयोग बढ़ाया है। इस बीच, 17 महीने पहले शुरू हुए रूसी आक्रमण के बाद से ओडेसा के बंदरगाह पर फंसा हुआ एक कंटेनर जहाज रवाना हो गया।

| 17-08-2023 | 18-08-2023 |
|---|---|
| सूर्यास्त 6:39 बजे | सूर्योदय 6:07 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 65,539.42 | 19,465.00 |
| (+137.50) | (+30.45) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 6,127 रु. | 71,994 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### फ्लाइंग किश

बचकानी बातें कर-करके,
ना करें सदन मर्यादा ढिश।
सच बता रहा विडियो सबको,
ना फ्लाइंग थी ना ही था किश।
कटुताएं त्यागें भीतर की,
तज दें अपने मन की रंजिश।
पद कद का करें खयाल जरा,
सब करें प्यार से सबको विश।।

## प्रधानमंत्री विश्वकर्मा पहल हमारे पारंपरिक कारीगरों, शिल्पकारों का सम्मान : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/वार्ता।** केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा 'पीएम विश्वकर्मा' योजना को मंजूरी दिए जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि इस पहल के जरिए ग्रामीण और शहरी भारत के पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों का सम्मान किया गया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को पांच साल की अवधि के लिए 13,000 करोड़ रुपये के वित्तीय परिव्यय के साथ 'पीएम विश्वकर्मा' योजना को मंजूरी दे दी, जिससे बुनकरों, सुनार, लोहार, धोबी और नाइयों सहित पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों के लगभग 30 लाख परिवारों को लाभ होगा।

प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) की बैठक में यह फैसला किया गया।

मोदी ने कहा, हमारे देश के कौशल और सांस्कृतिक विविधता को आत्मसात करते हुए, पीएम विश्वकर्मा पहल ग्रामीण और शहरी भारत दोनों के हमारे पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों का सम्मान करेगी। उन्होंने कहा, कालातीत गुरु-शिष्य परंपरा का सम्मान करते हुए, यह हमारे विश्वकर्मा के प्रयासों को बढ़ाएगी, उन्हें आधुनिक मूल्य शृंखलाओं से जोड़ेगी और आने वाली पीढ़ियों के लिए उनके अमूल्य कौशल को संरक्षित करेगी।



### रेलवे में बुनियादी ढांचे के उन्नयन पर कैबिनेट के फैसले से यात्रा में आसानी होगी

नई दिल्ली/वार्ता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को भारतीय रेलवे की सात मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंत्रिमंडल की मंजूरी की सराहना करते हुए कहा कि बुनियादी ढांचे के उन्नयन से संबंधित निर्णय मार्गों पर भीड़ कम करेगा, यात्रा में आसानी बढ़ाएगा। साथ ही पर्यावरण के अनुकूल माल ढुलाई क्षमता को बढ़ावा मिलेगा। आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने लगभग 32,500 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से भारतीय रेलवे की सात मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी।

मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, यह रेलवे क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के उन्नयन से संबंधित कैबिनेट का एक महत्वपूर्ण निर्णय है। यह मार्गों की भीड़ को कम करेगा, यात्रा को आसान बनाएगा और पर्यावरण के अनुकूल माल ढुलाई क्षमता को बढ़ावा देगा। यह रोजगार के कई अवसर भी सुनिश्चित करेगा। प्रधानमंत्री ने 'पीएम-ईबस सेवा' योजना को मंत्रिमंडल की मंजूरी की भी सराहना की। इसके तहत सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल पर 169 शहरों को 10,000 इलेक्ट्रिक बसें प्रदान की जाएंगी।


## चांद के और करीब पहुंचा चंद्रयान-3

### प्रणोदन और लैंडर मॉड्यूल को अलग करने की तैयारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु/भाषा।** भारत के महत्वाकांक्षी तीसरे चंद्रमा मिशन के तहत चंद्रयान-3 बुधवार को, पृथ्वी के इकलौते उपग्रह की पांचवी और अंतिम कक्षा में सफलतापूर्वक प्रवेश कर गया, तथा चंद्रमा की सतह के और भी करीब आ गया। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा कि इसके साथ ही चंद्रयान-3 ने चंद्रमा तक पहुंचने की अपनी प्रक्रिया पूरी कर ली है और अब यह प्रणोदन मॉड्यूल और लैंडर मॉड्यूल को अलग करने की तैयारी करेगा।

राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी ने ट्वीट किया, आज की सफल प्रक्रिया संक्षिप्त अवधि के लिए आवश्यक थी। इसके तहत चंद्रमा की 153 किलोमीटर 163 किलोमीटर की कक्षा में चंद्रयान-3 स्थापित हो गया, जिसका हमने अनुमान किया था। इसके साथ ही चंद्रमा की सीमा में प्रवेश की प्रक्रिया पूरी हो गई। अब प्रणोदन मॉड्यूल और लैंडर अलग होने के लिए तैयार हैं।



इसरो ने कहा कि 17 अगस्त को चंद्रयान-3 के प्रणोदन मॉड्यूल से लैंडर मॉड्यूल को अलग करने की योजना है।

14 जुलाई को प्रक्षेपण के बाद चंद्रयान-3 ने पांच अगस्त को चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश किया, जिसके बाद इसने छह, नौ और 14 अगस्त को चंद्रमा की अगली कक्षाओं में प्रवेश किया तथा उसके और निकट पहुंचता गया।

चंद्रयान-3 को चंद्रमा के ध्रुवों पर स्थापित करने का अभियान आगे बढ़ रहा है। इसरो चंद्रयान-3 को चंद्रमा की कक्षा में पहुंचाने का प्रयास कर रहा है और चंद्रमा से उसकी दूरी धीरे-धीरे कम होती जा रही है। चंद्रयान-3 के 23 अगस्त को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र पर सॉफ्ट लैंडिंग करने की उम्मीद है।

### मुलाकात



अमेरिकी कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री से मुलाकात की।

### क्रिकेट विश्व कप की ट्रॉफी लायी गयी ताजमहल

**आगरा/वार्ता।** आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 की ट्रॉफी बुधवार को ताजमहल पहुंची और यहां पर ट्रॉफी को रखकर वीडियो शूट किये गये। पांच अक्टूबर से क्रिकेट वर्ल्ड कप का आयोजन भारत में होने जा रहा है। क्रिकेट के सबसे बड़े आयोजन से पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने प्रमोशन की तैयारी शुरू कर दी है। आयोजन में अब 50 दिन से कम का समय रह गया है। ऐसे में इसके प्रमोशन को लेकर भी तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में बुधवार की सुबह करीब साढ़े सात बजे ताजमहल में कुछ लोग हाथ में चमचमाती ट्राफी लेकर पहुंचे। इस ट्रॉफी को ताजमहल के वीडियो शूट प्लेटफॉर्म पर रख दिया गया। ताजमहल में आईसीसी विश्व कप 2023 की चमचमाती ट्रॉफी देखते ही लोगों में उत्सुकता फैल गयी। करीब एक घंटे तक ट्राफी को लेकर शूट चला। ताजमहल के संरक्षण सहायक प्रिंस वाजपेयी ने बताया कि आईसीसी की ओर से उनसे ट्रॉफी के शूट को लेकर अनुमति मांगी गयी थी।

### कृष्ण जन्मभूमि के निकट अवैध निर्माण:

## न्यायालय ने दस दिन के लिए ध्वस्तीकरण अभियान रोका

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि के निकट बने कथित अवैध निर्माण को ढहाने के रेलवे के अभियान पर दस दिन के लिए रोक लगा दी है।



उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति एस.वी.एन. भट्टी की पीठ ने इस मामले में केन्द्र तथा अन्य को नोटिस जारी किया।

पीठ ने कहा, परिसर के संबंध में दस दिन के लिए यथास्थिति बनी रहने दी जाए। एक सप्ताह बाद के लिए सूचीबद्ध करें।

याचिकाकर्ता याकूब शाह की ओर से पेश वकील ने पीठ को बताया कि सौ मकान गिरा दिए गए हैं। उन्होंने कहा, 70-80 मकान बचे हैं। हर चीज निष्फल हो जाएगी। अभियान ऐसे दिन चलाया गया जब उत्तर प्रदेश में अदालतें बंद थीं।

यह मामला कृष्ण जन्मभूमि के निकट बने मकानों के ध्वस्तीकरण से संबद्ध है।

इससे पहले शीर्ष अदालत ने 14 अगस्त को उत्तर प्रदेश के मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि के निकट रेलवे के अतिक्रमण-रोधी अभियान से प्रभावित हुए लोगों को इस कदम को चुनौती देने के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय का रुख करने की छूट दी।

मामले का संक्षिप्त उल्लेख करते हुए एक वकील ने कहा था, यह विषय उत्तर प्रदेश में कृष्ण जन्मभूमि के निकट बस्तियों को ध्वस्त करने से संबद्ध है। वे वहां उन्नीसवीं सदी से हैं...ध्वस्तीकरण पर रोक लगाने के लिए एक वाद लंबित है।

### बोइंग ने भारतीय सेना के लिए अपाचे हेलीकॉप्टर का उत्पादन शुरू किया

**नई दिल्ली/भाषा।** रक्षा विनिर्माण क्षेत्र की प्रमुख अमेरिकी कंपनी बोइंग ने बुधवार को कहा कि उसने भारतीय सेना को दिए जाने वाले अपाचे हेलीकॉप्टर का उत्पादन शुरू कर दिया है। कंपनी कुल छह एएच-64ई अपाचे हेलीकॉप्टर भारतीय सेना को सौंपेगी। एएच-64 अपाचे दुनिया के सबसे उन्नत बहुउद्देश्यीय लड़ाकू हेलीकाप्टरों में से एक है। कंपनी ने कहा, बोइंग ने भारतीय सेना को सौंपे जाने वाले अपाचे हेलीकॉप्टर का उत्पादन एरीजोना के मेसा में शुरू कर दिया है। बोइंग इंडिया के अध्यक्ष सलील गुप्ते ने कहा कि भारत की रक्षा क्षमताओं का समर्थन करते हुए बोइंग एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करने पर बहुत खुश हैं। उन्होंने कहा, एएच-64 की उन्नत तकनीक और प्रमाणित प्रदर्शन, भारतीय सेना की परिचालन तैयारियों और उसकी रक्षा क्षमताओं को और मजबूत बनाने में मदद करेगा।

## भाजपा के साथ नहीं करेंगे गठबंधन : शरद पवार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**औरंगाबाद (महाराष्ट्र)/वार्ता।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार ने बुधवार को कहा कि वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ गठबंधन नहीं करेंगे और इसके बजाय 2024 में प्रस्तावित लोकसभा चुनाव के मद्देनजर देश में बदलाव लाने की दिशा में काम करेंगे।

उन्होंने उन अटकलों को खारिज करने की कोशिश की कि कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) उनके नेतृत्व वाले राकांपा के गुट के बिना 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए 'प्लान बी' पर काम कर रहे हैं। कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और राकांपा (शरद पवार गुट)



विपक्षी महा विकास आघाड़ी (एमवीए) के घटक दल हैं।

शरद पवार ने महाराष्ट्र के बीड जिले में बृहस्पतिवार को होने वाली अपनी जनसभा से पहले संवाददाताओं से कहा, '' 'प्लान बी' (कांग्रेस और शिवसेना-यूबीटी द्वारा मिलकर चुनाव लड़ने की) की खबर गलत है। ऐसी कोई योजना नहीं बनाई जा रही है। अगले साल 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के दौरान बदलाव की जरूरत है और इसलिए हम इसकी तैयारी कर रहे हैं। ''

भाजपा के साथ गठबंधन करने वाले उपमुख्यमंत्री अजित पवार के साथ पुणे में पिछले सप्ताह हुई अपनी मुलाकात के बारे में पूछे जाने पर शरद पवार ने कहा, ''वह मेरे परिवार के सदस्य हैं। यदि हमारे परिवार में किसी समारोह की योजना बनाई जाती है, तो स्वाभाविक रूप से उस समय मुझसे परामर्श किया जाएगा। '' राकांपा अध्यक्ष ने कहा, ''मैं भाजपा के साथ नहीं जाऊंगा। देश में लोगों के बीच फैली अशांति को दूर करने के लिए हमें 2024 में बदलाव लाना होगा। हम इस बदलाव को लाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। '' पुणे में व्यवसायी अतुल चोरडिया के आवास पर 12 अगस्त को राकांपा संस्थापक और अजित पवार के बीच हुई बैठक को लेकर अटकलें लगाई जाने लगी थी।

## अगर लोगों को समय पर न्याय ना मिले तो सुशासन जैसे शब्द अर्थहीन हैं : योगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखनऊ/भाषा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि 'समाज में हम सुशासन, लोकतंत्र जैसे शब्दों को सुनते हैं लेकिन यदि समयबद्ध तरीके से लोगों को न्याय नहीं मिल पाता है या न्याय सुगम और सस्ता नहीं है तो फिर यह सभी शब्द बेकार हो जाते हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अपने सरकारी आवास पर उत्तर प्रदेश राज्य फॉरेंसिक विज्ञान संस्थान के पहले शिक्षण सत्र 2023-2024 के छात्रों से संवाद के दौरान उक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा, यदि लोगों को समयबद्ध न्याय नहीं मिल पाता है या न्याय सुगम व सस्ता नहीं है तो फिर समाज में सुशासन और लोकतंत्र जैसे शब्द



बेकार हो जाते हैं। यदि आम जनमानस संवैधानिक संस्थाओं और प्रशासनिक व्यवस्था पर विश्वास नहीं करते हैं तो इन शब्दों के कोई मायने नहीं हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश राज्य फॉरेंसिक विज्ञान संस्थान की स्थापना की है और बेहतर सुविधाओं के लिए शीर्ष फॉरेंसिक संस्थानों के साथ सहमति पत्रों पर हस्ताक्षर कर रही है। मुख्यमंत्री योगी ने छात्रों से कहा, हमें वर्तमान में अपराध की प्रकृति को समझने, समाज को क्या चाहिए यह जानने की जरूरत है और इसलिए हमें इसके अनुरूप खुद को तैयार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, यह प्रसन्नता का विषय है कि आज पांच पाठ्यक्रमों के साथ पहला बैच शुरू हो रहा है। गृह विभाग के साथ ही संस्थान से जुड़े लोगों को इसे विश्व स्तरीय संस्थान के रूप में स्थापित करना है।

## ईशनिंदा के आरोपों पर पाकिस्तान के गिरजाघरों में तोड़फोड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लाहौर (पाकिस्तान)/भाषा।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में ईशनिंदा के आरोपों में बुधवार को कई गिरजाघरों में तोड़फोड़ की गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

'डॉन डॉट कॉम' ने जरानवाला तहसील के पादरी इमरान भट्टी के हवाले से बताया कि फैसलाबाद के जरानवाला जिले के ईसा नगरी इलाके में स्थित साल्वेशन आर्मी चर्च, यूनाइटेड प्रेस्बिटेरियन चर्च, एलाइड फाउंडेशन चर्च और शहरूनवाला चर्च में तोड़फोड़ की गई।

भट्टी ने कहा कि ईशनिंदा के आरोपी ईसाई सफाईकर्मी का घर भी ढहा दिया गया।

पंजाब पुलिस प्रमुख उस्मान अनवर ने कहा कि पुलिस प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर रही है और इलाके की घेराबंदी कर दी गई है।

'डॉन डॉट कॉम' ने अनवर के हवाले से कहा, (क्षेत्र में) संकरी गलियां हैं जिनमें दो से तीन छोटे मरला गिरजाघर स्थित हैं और एक मुख्य चर्च है... उन्होंने गिरजाघर के कुछ हिस्सों में तोड़फोड़ की है।

अधिकारी ने कहा कि शांति समितियों के साथ मिलकर स्थिति



को नियंत्रित करने के प्रयास जारी हैं और पूरे प्रांत में पुलिस को सक्रिय कर दिया गया है।

अनवर ने कहा, इलाके के सहायक आयुक्त ईसाई समुदाय के सदस्य हैं और उन्हें भी लोगों के विरोध के बाद वहां से हटा दिया गया है।

ईसाई नेताओं ने आरोप लगाया कि पुलिस मूकदर्शक बनी रही। चर्च ऑफ पाकिस्तान के अध्यक्ष बिशप आजाद मार्शल ने कहा कि बाइबिल का अपमान किया गया और ईसाइयों पर पवित्र कुरान का उल्लंघन करने का झूठा आरोप लगाया गया तथा उन्हें प्रताड़ित किया गया। उन्होंने 'एक्स' (पूर्व में ट्वीटर) पर एक बयान पोस्ट कर कहा, हम कानून प्रवर्तन और न्याय देने वालों से न्याय और कार्रवाई की मांग करते हैं और सभी नागरिकों की सुरक्षा के लिए तुरंत हस्तक्षेप की मांग करते हैं। हम चाहते हैं कि हमें इस बात का यकीन दिलाया जाए कि हमारी अपनी मातृभूमि में हमारा जीवन मूल्यवान है, जहां अभी-अभी स्वतंत्रता और आजादी का जश्न मनाया है।

बिशप मार्शल ने कहा कि सभी पादरी, बिशप और आम लोग इस घटना से बेहद दुखी और व्यथित हैं। पूर्व सीनेटर अफरासियाब खटक ने घटना की निंदा की और मांग की कि दोषियों को सजा दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा, पाकिस्तानी राज्य इस्लाम के अलावा अन्य धर्मों को मानने वाले लोगों के पूजा स्थलों को सुरक्षा प्रदान करने में विफल रहा है। धर्म के नाम पर किए गए अपराधों के लिए छूट ने चरमपंथियों और आतंकवादियों को प्रोत्साहित किया है।

पाकिस्तान में ईसाइयों और हिंदुओं सहित अल्पसंख्यकों पर अक्सर ईशनिंदा के आरोप लगाए जाते रहे हैं और कुछ पर कठोर ईशनिंदा कानून के तहत मुकदमा चलाया गया और उन्हें सजा भी दी गई है।




# आरआर नगर में फिट युवा-हिट युवा के तहत योग कार्यक्रम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद द्वारा निर्देशित फिट युवा-हिट युवा के अंतर्गत बुधवार को तेरापंथ युवक परिषद राजराजेश्वरीनगर द्वारा तेरापंथ भवन में योगा कार्यक्रम की शुरुआत की गई। प्रशिक्षक हेमराज सेठिया द्वारा योगिक क्रिया करवाई गई। उन्होंने कहा कि योग एक ऐसी क्रिया है जिसे करने से पूरे दिन हमारे अंदर ऊर्जा रहती है।

अध्यक्ष विकाश छाजेड़ ने सभी का स्वागत किया। सभा अध्यक्ष छतरसिंह सेठिया, ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज डागा, महिला मंडल अध्यक्षा सुमन पटावरी ने सभी युवाओं को स्वास्थ के प्रति जागरूक होने की प्रेरणा दी।

इस अवसर पर सभा, महिला व परिषद के अनेक सदस्य उपस्थित थे। फिट युवा हिट युवा प्रभारी श्रेयांश बेंगानी एवं सहप्रभारी वैभव भंसाली का विशेष श्रम रहा।




# तेयुप गांधीनगर ने स्वतंत्रता दिवस पर किए अनेक आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। तेरापंथ युवक परिषद के सदस्यों ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पर रैली ऑन व्हील्स, स्वास्थ्यं जांच शिविर व झंडारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया। तेरापंथ किशोर मंडल के सदस्यों ने गांधीनगर तेरापंथ भवन से डायग्नोस्टिक सेंटर राजाजीनगर तक बाईक रैली निकाली। तेयुप ने आचार्य तुलसी डायगॉस्टिक सेंटर राजाजीनगर एवं आडुगोड़ी में 77वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन हुआ जिसमें 66 लोगों ने कैल्शियम, लिपिड प्रोफाइल, किडनी फंक्शन, लिवर फंक्शन, एवं फॉस्फोरस टेस्ट रियायती दर पर करवाए। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर तेयुप के सदस्यों ने आचार्य महाप्रज्ञ स्कूल में झंडारोहण किया। कार्यक्रम में ध्वजारोहण अध्यक्ष रजत बैद ने किया। अध्यक्ष रजत बैद, मंत्री रोहित कोठारी एवं जितेन्द्र कोचर का सम्मान स्कूल के प्रमुख मनोहर भारतीय ने किया। विद्यालय में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले बच्चों को छात्रवृति और सभी विद्यार्थियों को मिठाई वितरित की गई । उपाध्यक्ष आलोक कुंडलिया व विवेक मरोठी, सहमंत्री संदीप चोपड़ा व मनोज पोखरणा, कोषाध्यक्ष तरुण पटावरी, संयोजक दीपक कटारिया, विमल धारीवाल, मोहित सुराना और किशोर मंडल सदस्यों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।



# जैन कॉन्फ्रेन्स युवा शाखा ने किया ध्वजारोहण व दी सहयोग सामग्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। ऑल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस, कर्नाटक युवा शाखा द्वारा 77वां स्वतंत्रता दिवस रामनगर स्थित जीकेएमपीएस सरकारी स्कूल में मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डिप्टी कमिश्नर एवं ज़िला मजिस्ट्रेट डॉ. अविनाश मेनन राजेंद्रन, मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिग्विजय बोड़के. सुपरइंटेंडेंट ऑफ़ पुलिस कार्तिक रेड्डी ने युवा कॉन्फ्रेन्स के पदाधिकारियों ने साथ मिलकर झंडारोहण किया। इस अवसर पर शांतिलाल पंकज महावीर कानूंगा परिवार के सौजन्य से 700 स्कूली बच्चों को कम्प्लीट बैंड सेट, क्रिकेट, बैडमिंटन, चेस, फुटबॉल एवं अन्य खेल, साफ़ सफाई की सामग्री, मग, बाल्टी, फिनाइल आदि भेंट किए गए । गौमाता के विषय पर आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम में प्रोजेक्ट डायरेक्टर महावीर क़ानूँगा, रामनगर ज़िला युवाध्यक्ष संजय धोका, वरिष्ठ श्रावक पदमचंद धोका, जैन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय युवा सह कोषाध्यक्ष प्रवीण सिंघवी, कर्नाटक प्रांतीय युवा शाखा के युवाध्यक्ष विकास कोठारी, मार्गदर्शक सुनील लोढ़ा, महामंत्री मनोज बोहरा, कोषाध्यक्ष आशीष भंसाली, उपाध्यक्ष अनिल बंब, राकेश लोढ़ा, मंत्री विकास भलगट, सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे। कर्नाटक युवा शाखा अध्यक्ष विकास कोठारी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## अमावस्या प्रसादी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत




बेंगलूरु के मैसूर बैंक सर्कल स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में गुरु गणेश सेवा समिति कर्नाटक द्वारा अमावस्या के मौके पर 63वीं अमावस्या महाप्रसादी का वितरण किया गया, जिसमें लगभग 3500 से भी अधिक जरुरतमंदों को भोजन का वितरण कराया गया। इस महाप्रसादी में सेवा देने के लिए समिति के अध्यक्ष गौतमचंद धारीवाल, मनोहरलाल बाफना, आशीष बाफना, विनोद चोरडिया, रितु संचेती, राजेश कातरेला, प्रकाशचंद बाफना, महेंद्र कातरेला,उत्तमचंद मूथा, शेखर एवं मंजूनाथ आदि उपस्थित थे।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## दिव्य ज्योति संस्थान

बेंगलूरु के दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा आरोग्य प्रकल्प के अंतर्गत स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में संकल्प नामक एक कार्यक्रम रखा गया जिसमें साध्वी रितु भारतीजी ने मन, दर्शिताभारतीजी ने तन व निशंका भारती ने ध्यान विधियों को विस्तार से समझाया। अन्त में उपस्थित 300 लोगों ने देश के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने की शपथ ली।



# कन्या सुरक्षा सर्कल पर किया ध्वजारोहण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। तेरापंथ महिला मंडल गांधीनगर के तत्वावधान में तुलसी चेतना केंद्र के तुलसी विद्या विहार में कन्या सुरक्षा सर्कल पर स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में ध्वजारोहण किया गया।

तुलसी विद्या विहार के अध्यक्ष मदन बोराणा ने स्वतंत्रता विषय पर अपने विचार रखें। महिला मंडल की मंत्री ज्योति संचेती ने 'बेटी बचाओबेटी पढ़ाओ', भ्रूण हत्या रोको आदि अभियान के साथ कन्या सुरक्षा सर्कल का महत्व बताते हुए कहा कि नारी का हमें सम्मान करना चाहिए। इस कार्यक्रम में लगभग 90 बच्चे एवं अध्यापिकाएं और अभिभावक उपस्थित रहे। बच्चों ने स्वतंत्रता दिवस पर अनेक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। महेन्द्र दक,राजलदेसर परिषद के अध्यक्ष प्रदीप बैद आदि ने विचार रखे। महिला मंडल ने बच्चों को टिफिन बॉक्स एवं बिस्कुट वितरित किये। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष रिजू डूंगरवाल, उपाध्यक्ष लक्ष्मी बोहरा, उपाध्यक्ष लता गादिया, सहमंत्री वीणा पोरवाल व प्रमिला धोखा, कोषाध्यक्ष किरण गिलुन्दिया, संगठनमंत्री पवन संचेती, शांतिलाल पितालिया, मदन बरमेचा, सुरेश दक, विपुल दुगड़, सुशील सिपानी, प्रेम चावत आदि उपस्थित थे।



# कामधेनू गौशाला में मनाया स्वतंत्रता दिवस, की गौसेवा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर की कामधेन गौशाला ट्रस्ट परिवार द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर 'यादगार लम्हे गौमाता के संग' नामक कार्यक्रम का आयोजन किया तथा गौशाला में झंडारोहण किया। ट्रस्ट की चेयरपर्सन शारदा चौधरी ने सभी का स्वागत किया। ट्रस्ट की अध्यक्ष पुष्पा बोहरा ने कामधेनु गौशाला के कार्यों की जानकारी देते हुए मूक प्राणियो के लिये बनने जा रहे हास्पिटल की जानकारी दी। महामत्री नंदा मेहता ने मंच संचालन किया। राधा गुलेच्छा, सन्तोष मेहता,भावना संघवी, प्रभा सालेचा, ममता कोठारी, राजवंती संचेती आदि ने अनेक व्यवस्थाएं संभाली। इस मौके पर जीतो लेडीज विंग के पूर्व अध्यक्ष अनिता पिरगल, सिवांची महिला संघ के पूर्व अध्यक्ष मघु गुलेच्छा, कहैन्यालाल चिप्पड़, जवाहरलाल चौधरी, गोवर्धन, विजयराज बोहरा आदि भी उपस्थित थे।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## हेल्पिंग हेन्डस स्वतंत्रता दिवस

मैसूरु के हेल्पिंग हेन्डस संस्था के सदस्यों ने गोद लिए इट्टगेगुड सरकारी पाठशाला में 77वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर तिरंगा झंडा फहराया। मंत्री आनंद पटवा ने संस्था कि ओर से सभी को स्वतंत्रता दिवस कि शुभकामनाएं दी। संस्था द्वारा सभी को मिठाइयां बांटी गई।बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष महावीर खाबिया, कोषाध्यक्ष राजन बाघमार, सदस्य मनोहर सांखला, प्रकाश गांधी, सुनील पटवा, गौतम गांधी, गौतम पटवा, जम्बु लोढा आदि सदस्य उपस्थित थे।

# टेक्सास में भारतीयों ने 77वें स्वतंत्रता दिवस का जश्न मनाया

ह्यूस्टन (अमेरिका)/भाषा। अमेरिका में भारतीय प्रवासी समुदाय के सदस्यों ने टेक्सास राज्य में गर्व और उल्लास के साथ भारत के 77वें स्वतंत्रता दिवस का जश्न मनाया। भारत के नवनियुक्त महावाणिज्यदूत डी सी मंजूनाथ ने मंगलवार सुबह इंडिया हाउस में तिरंगा फहराया। इसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्र के नाम दिए संबोधन का अमेरिका में पढ़ रहे छात्रों के साथ ही समुदाय के सैकड़ों सदस्य के लिए सजीव प्रसारण किया गया। इस कार्यक्रम में अमेरिकी कांग्रेस के सांसद एआई ग्रीन और सीनेट प्रतिनिधि, निर्वाचित अधिकारी और बड़ी संख्या में भारतीय अमेरिकी समुदाय के सदस्यों ने भाग लिया।




# स्पार्टन टीम ने जीता संजय मुथा कप, केबी लायंस रहे उपविजेता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जेएसपीएल द्वारा केबीए ग्राउंड पर जेके ललित जियानी के सौजन्य से बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संजय मुथा को समर्पित इस जैन स्पोटर्स प्रीमियर लीग की इस प्रतियोगिता में राजस्थान एवं गुजरात मूल के खिलाड़ियों ने भाग लिया।समाज के मूल निवासियों के अनेकों प्रतिष्ठित खिलाड़ियों ने भाग लिया। नितिन चोरडिया की स्पार्टन, विनय श्रीश्रीमाल व सुरेश रांका की केबी लायंस, अनिल संचेती की एमएसयू जैगुआर्स, कल्पेश खाँटेड की रेंजिश बुल्स, डा. प्रकाश जैन की दिव्य दृष्टि एवं तरुण कोचर की केपीएस सिल्वर टीमों में भाग लिया।मैसूर साड़ी उद्योग के जर्सी प्रायोजन में आयोजित इस बैडमिंटन प्रतियोगिता का उदघाटन चैनराज छाजेड़ ने किया। ग्राउंड के आठों कोर्ट पर दिनभर चली कशमकश के बाद स्पार्टन एवं केबी लायंस टीम ने फाइनल में प्रवेश किया जहां अत्यंत ही रोचक खेल के साथ स्पार्टन टीम ने केबी लायंस को हराकर संजय मुथा कप पर कब्जा किया।

जेएसपीएल समिति के विमलेश भंडारी के अनुसार प्रतियोगिता में तन्वी मुणोथ को महिला वर्ग में, गौरव गादिया को युवा वर्ग में, विमल कोठारी को सीनियर्स में तथा राजेश मुथा को मास्टर्स वर्ग में बेस्ट प्लेयर चुना गया।

साथ ही उन्होंने कहा कि जेएसपीएल खेल-कूद के माध्यम से जैन समाज को जोड़े रखने में प्रतिबद्ध है और इसी कड़ी में आने वाले समय में अंतरपट्टी क्रिकेट प्रतियोगिता, इंडोर फुटबाल एवं फ्रिसबी प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। प्रतियोगिता को सफल बनाने में समिति के विकास भंडारी, अरुण भंसाली, विनय श्रीश्रीमाल, अरिहंत तातेड, चिराग भंसाली, भूपेन्द्र परमार, दीपक चण्डालिया आदि का सहयोग रहा।

## ध्वजारोहण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तेरापंथ सभा टी दासरहल्ली की ओर से भवन के परिसर में ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर सभा ट्रस्ट के संरक्षक एवं संस्थापक अध्यक्ष लादुलाल बाबेल ने ध्वजारोहण किया। तेरापंथ सभा ट्रस्ट, तेरापंथ महिला मंडल, तेरापंथ युवक परिषद, किशोर मण्डल, कन्या मंडल सदस्यों की उपस्थिति रही।

## जेवाईएस सेवा ट्रस्ट व संगठन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के जैन युवा संगठन सेवा ट्रस्ट एवम जैन युवा संगठन द्वारा शांतिनगर स्थित सरकारी स्कूल में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया।इस मौके पर झंडारोहण किया गया। सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेश धोका ने कहा कि हमें भारतीय संस्कृति को अपनाना चाहिए। संगठन के मंत्री मदन मुनोत ने शुभकामनाएं दी। सेवा ट्रस्ट सहमंत्री रूपचंद कुमट ने धन्यवाद दिया। इस मौके पर डॉ अमित बजाज उपस्थित थे। अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया तथा विजेता बच्चों को पुरस्कार दिए गए। संस्था की ओर से बच्चों को नोटबुक्स, क्रेयॉन्स, स्केच पेन, मिठाई, फ्रूटस, नाश्ता आदि का वितरण किया गया। इस मौके पर सेवा ट्रस्ट के उपाध्यक्ष अशोक भंडारी, कोषाध्यक्ष कमल पुनमिया, पूर्वाध्यक्ष प्रेमकुमार कोठारी, भारत रांका, सुभाष गोटावत, दिनेश सुराणा, जिनेंद्र श्रीश्रीमाल व संगठन के अध्यक्ष महेन्द्र बागरेचा, उपाध्यक्ष महावी मुनोत, पूर्व अध्यक्ष दिनेश खिंवेसरा, मनीष चावत, मोनिश मुथा, जितेश वया आदि उपस्थित थे।



# माहेश्वरी बॉयज हॉस्टल में मनाया गया 77वां स्वतंत्रता दिवस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के राजराजेश्वरीनगर स्थित माहेश्वरी बॉयज हॉस्टल में 77वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर हॉस्टल के छात्र, माहेश्वरी फाउंडेशन के चेयरमैन राजगोपाल भूतड़ा, माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष निर्मलकुमार तापड़िया, विशिष्ट अथिति श्रीगोपाल सारड़ा आदि ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर माहेश्वरी फाउंडेशन के चेयरमैन राजगोपाल भूतड़ा ने कहा कि अनुशासन, कृतज्ञता और कर्तव्य यह वे तीन स्तंभ हैं जो स्वतंत्रता संग्राम के दौरान मजबूती से खड़े रहे। स्टूडेंट सेक्रेटरी गिरिराज सोनी ने कहा कि देश में चल रहे सुधार अभियानों का हिस्सा बनें और देश के प्रति अपना कर्त्तव्य निभाएं। विशेष अथिति श्रीगोपाल सारडा ने कहा कि विद्यार्थीगण देश को अपने कार्यकुशलता की सेवाएं दें और देश के प्रति अपने ऋण चुकाएँ।

# कर्नाटक कांग्रेस लोकसभा चुनाव से पहले प्रमुख भाजपा नेताओं को पार्टी में लाने की बना रही योजना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलुरु। कर्नाटक कांग्रेस राज्य में आगामी 2024 लोकसभा चुनाव से पहले प्रमुख भाजपा नेताओं को अपने पाले में खींचने की योजना बना रही है। 'ऑपरेशन हस्त' (कन्नड़ में हस्त का मतलब हाथ) नाम की कवायद के तहत कांग्रेस अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा को घातक झटका देना चाहती है। 'ऑपरेशन हस्त' के तहत कांग्रेस भाजपा के वरिष्ठ नेताओं को अपने पाले में लाने की कोशिश करेगी। सूत्रों की मानें तो भाजपा के पूर्व मंत्री एसटी सोमशेखर और एमटीबी नागराज के सबसे पुरानी पार्टी में शामिल होने की संभावना है। दोनों नेता कांग्रेस में थे और राज्य में 'ऑपरेशन लोटस' शुरू करने के बाद भाजपा में शामिल हो गए थे।

सोमशेखर, जो कि यशवंतपुर से मौजूदा भाजपा विधायक हैं, ने हाल ही में एक सार्वजनिक समारोह में घोषणा की थी कि उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार उनके 'गुरु' हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि उन्होंने राजनीतिक रूप से जो कुछ भी हासिल किया है, वह शिवकुमार के आशीर्वाद के कारण है। उनकी टिप्पणी से भाजपा को शर्मिंदगी उठानी पड़ी, जो हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में अपमानजनक हार के बाद से बुरी हालत में है। पूर्व मंत्री एम.टी.बी. नागराज कुरुबा समुदाय से हैं और उन्होंने यह कहकर अपनी नाराजगी सार्वजनिक कर दी है कि भाजपा में शामिल होने के बाद से वह चुनाव नहीं जीत पा रहे हैं। नागराज के करीबी सूत्रों ने कहा कि वह कैबिनेट मंत्री का पद छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे, लेकिन भाजपा उनके हितों की रक्षा करने में विफल रही और उन्हें उनकी पसंद का मंत्रालय आवंटित नहीं किया गया।

पूर्व मंत्री और आरआर नगर से भाजपा विधायक एन. मुनिरत्ना, जो कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे, ने स्पष्ट किया कि वह फिर से कांग्रेस में शामिल होने के बजाय राजनीति से संन्यास ले लेंगे। उन्होंने कहा, 'मैं कांग्रेस का दरवाजा नहीं खटखटाऊंगा। मैं किसी नेता को मनाने की कोशिश भी नहीं करूंगा। अगर कोई भाजपा छोड़ना चाहता है तो ये उनका फैसला होगा। मैं केवल उन्हें शुभकामनाएं ही दे सकता हूं। कांग्रेस और जद (एस) से भाजपा में शामिल हुए 17 नेताओं में से बाकी के बारे में मुझे नहीं पता, लेकिन मैं अपने बारे में आश्वस्त कर सकता हूं कि मैं वापस नहीं जा रहा हूं।'

कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए वरिष्ठ नेता एच. विश्वनाथ भी पहले ही कह चुके हैं कि वह कांग्रेस में वापसी करेंगे। सूत्रों ने बताया कि उपमुख्यमंत्री शिवकुमार ने 'ऑपरेशन हस्त' में विशेष रुचि ली है।

शिवकुमार ने एक सवाल के जवाब में कहा, 'कांग्रेस पार्टी के लिए संसदीय चुनाव पहली (प्राथमिकता) है। हमने अपने पार्टी के कार्यकर्ताओं से कहा है कि वे घबराएं नहीं और न ही तालमेल बिठाने की स्थिति में स्थानीय स्तर पर कोई द्वेष रखें। हमने उनसे मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए कहा है।' उन्होंने कहा, 'हमने स्थानीय नेताओं को स्थानीय स्थिति के आधार पर निर्णय लेने की छूट दी है।'

उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा, 'कुछ स्थितियों में, (कुछ स्थानों पर) पार्टी की उपस्थिति नहीं भी हो सकती। ऐसी स्थिति में, हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि पार्टी वहां मजबूत हो। बड़े नेताओं को छोड़ दें, अन्य दलों के कई कार्यकर्ताओं ने हमारी पार्टी में शामिल होने की इच्छा जताई है। ऐसे में पार्टी के हित में जो भी होगा हम करेंगे।'

मीडिया के एक वर्ग में आई खबरों में कहा गया है कि विपक्षी दलों के कुछ नेता और मौजूदा विधायक--खासतौर पर भाजपा के, जिन्होंने पूर्व में कांग्रेस छोड़ दिया था जिससे 2018 में कांग्रेस-जद (एस) गठबंधन सरकार गिर गई थी--लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी (कांग्रेस) में फिर से शामिल होने वाले हैं। कांग्रेस-जद(एस) सरकार 2018 में उस वक्त गिर गई थी, जब 17 विधायकों ने इस्तीफा दे दिया था और सत्तारूढ़ गठबंधन से बाहर हो गये थे। वे भाजपा में दल-बदल कर गये थे और उसके सत्ता में लौटने का मार्ग प्रशस्त किया था।



## ऑपरेशन हस्त

**सोमशेखर, जो कि यशवंतपुर से मौजूदा भाजपा विधायक हैं, ने हाल ही में एक सार्वजनिक समारोह में घोषणा की थी कि उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार उनके 'गुरु' हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि उन्होंने राजनीतिक रूप से जो कुछ भी हासिल किया है, वह शिवकुमार के आशीर्वाद के कारण है।**

# सोमशेखर, जो कि यशवंतपुर से मौजूदा भाजपा विधायक हैं, ने हाल ही

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के शिक्षा मंत्री मधु बंगारप्पा ने बुधवार को कहा कि सरकार राज्य के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों को सप्ताह में दो बार अंडे और केले बांटेगी। शिक्षा मंत्री ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि छात्रों को अंडे और केले वितरण की योजना 18 अगस्त से शुरू होगी।

सबसे पहले मांड्या जिले में इसका उद्घाटन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पहले इस योजना को आठवीं कक्षा तक बढ़ाने की योजना थी। अब इस योजना को 10वीं कक्षा तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। छात्रों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने के लिए यह योजना लागू की जा रही है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि मिड-डे-मील के साथ अंडे और केले भी दिए जाएंगे। इससे पहले कर्नाटक सरकार के फैसले से राज्य में विवाद खड़ा हो गया था। इस फैसले ने समाज के एक वर्ग को नाराज कर दिया था, जिन्होंने मांग की थी कि स्कूल परिसर में अंडे वितरित नहीं किए जाने चाहिए, क्योंकि यह स्कूल जाने वाले बच्चों के बीच भेदभाव को बढ़ावा देगा। वहीं स्कूली बच्चों को अंडे वितरित करने का समर्थन करने वाले एक अन्य वर्ग ने दावा किया कि यह योजना बंद नहीं होनी चाहिए, क्योंकि छात्रों को प्रोटीन की सख्त जरूरत है। जिन बच्चों को बेहतर पोषण मिलता है, उनके शिक्षा परिणाम बेहतर होते हैं। एचडी कुमारस्वामी के नेतृत्व वाली भाजपा-जद (एस) गठबंधन सरकार ने धार्मिक समूहों के दबाव के आगे झुकते हुए 2007 में स्कूली बच्चों को अंडे वितरित करने की अपनी योजना को वापस ले लिया था।

# हनी ट्रैपिंग मामले में कर्नाटक पुलिस ने मुंबई से एक मॉडल को किया गिरफ्तार

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। हनी ट्रैपिंग मामले में कर्नाटक पुलिस ने मुंबई से एक मॉडल को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि यह गिरोह लोगों को अपने जाल में फंसाकर इस्लाम कबूल कराने की धमकी देकर मोटी रकम वसूलता था। यह मामला बेंगलुरु के पुत्तेनहल्ली पुलिस स्टेशन के अंतर्गत हुआ है। गिरफ्तार मॉडल की पहचान नेहा उर्फ मेहर के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि वह इस गिरोह की मुख्य आरोपी है। पुलिस ने बताया कि नेहा उर्फ मेहर टेलीग्राम के जरिए बेंगलूरु में 20 से 50 साल की उम्र के भोले-भाले लोगों के संपर्क में आई। उसने उन्हें अपने आवास जेपी नगर फेस 5 में यौन संबंध बनाने का लालच दिया, जिससे लोग उसके लालच में फंस जाते थे। जब वह उसके घर जाते थे तो उनके निजी पल कैमरे में कैद कर लिए जाते थे। जैसे ही पीड़ित घर में दाखिल होते थे, वह उन्हें बिकिनी पहनकर अंदर बुलाती थी। गिरोह ने निजी पलों को कैद कर लिया और बाद में गिरोह घर के अंदर घुस जाता था और लड़की के साथ पीड़ितों की तस्वीरें और वीडियो लेता था।


रेल पहिया कारखाना
यलहंका, बेंगलूरु – 560064
वेबसाइट: www.rwf.indianrailways.gov.in

निविदा सूचना सं: आरडब्ल्यूएफ/एम/ओटी/एमएमआर/2023-24/07 दिनांक: 12.08.2023
भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता निम्नलिखित कार्यों के लिए वेबसाइट http://www.ireps.gov.in (Works) के माध्यम से ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक निविदा आमंत्रित करते हैं और निम्नलिखित निविदा के मामले में भौतिक प्रारूप में प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

निविदा संख्या / कार्य का नाम / अनुमानित मूल्य: RWF/M/OT/MMR/ 2023-24/07 दिनांक: 12/08/2023 / मोल्ड रूम में ताजी ठंडी हवा के वेंटिलेशन सिस्टम 1 और 2 का रखरखाव। / रु. 9,86,668.80.

इएमडि: रु. 19,700.00. निविदा बंद करने की तिथि और समय: 04/09/2023 को 15.30 बजे। समापन अवधि: 24 महीने। यह निविदा सूचना हमारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/डब्ल्यूएसएम




बेंगलूरु के फील्ड मार्शल मानेकशॉ ग्राउन्ड में परेड की सलामी लेते हुए मुख्यमंत्री।

# मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने केंद्रीय फंड में कम हिस्सेदारी पर जताई आपत्ति

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु 77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने अपने भाषण के दौरान जीएसटी कर के मामले में राज्य को रिटर्न की कम हिस्सेदारी पर आपत्ति जताई और रेखांकित किया कि कर्नाटक विभाजन नीति के खिलाफ खड़ा है। सिद्दरामैया ने यहां फील्ड मार्शल मानेकशॉ परेड ग्राउंड में राष्ट्रीय ध्वज फहराया, और इस अपने दूसरे कार्यकाल के दौरान कर्नाटक के मुख्यमंत्री के रूप में अपना पहला स्वतंत्रता दिवस भाषण भी दिया।

उन्होंने कहा कि कर्नाटक देश में दूसरा सबसे ज्यादा टैक्स देने वाला राज्य है। उन्होंने कहा, हम केंद्र को करों और कर्तव्यों के रूप में 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान कर रहे हैं। हालांकि, हमें केंद्र से बदले में केवल 50 हजाार करोड़ रुपये मिल रहे हैं। अगर हमें वह मिलता है, जिसके हम स्वाभाविक रूप से हकदार हैं, तो कर्नाटक सबसे अमीर राज्य होगा। सिद्दरामैया ने कहा कि, इस चुनौतीपूर्ण स्थिति के बावजूद, हम वित्तीय अनुशासन का पालन कर रहे हैं। हम राज्य के व्यापक विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। सच्चे देशभक्त हमारे प्रयासों से अवगत हैं।

कर्नाटक के लोग फूट डालो और राज करो की नीति के प्रयासों के खिलाफ खड़े हो गए हैं। 'सर्व समावेशी' हमारी नीति है और इसलिए लोगों ने हमें सत्ता के लिए चुना है। यह नए कर्नाटक विकास मॉडल को मजबूत करने का वादा है, जो समावेशी विकास सुनिश्चित करता है और सभी के विकास के लिए तरसता है। यह सबसे महत्वपूर्ण वादा है जो मैं स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर करता हूं।

देश पिछले कुछ वर्षों में संकट का सामना कर रहा है। नफरत, हिंसा, संदेह, बदला और असहिष्णुता बढ़ रही है। बल्कि, इन लक्षणों को बढ़ावा देने के प्रयास हो रहे हैं। समाज के कुछ वर्ग इन गुणों को पैदा कर रहे हैं और दिखावा कर रहे हैं कि ये स्वीकार्यता भी है। उन्होंने कहा, इन प्रयासों को हराने की जरूरत है, क्योंकि इनका उद्देश्य नकारात्मकता पैदा करना है। एक सभ्य समाज के रूप में अगर ऐसे प्रयासों को विफल नहीं किया गया तो हम बर्बाद हो जाएंगे। केवल शांति और सद्भाव ही विकास सुनिश्चित कर सकता है। उन्होंने कहा, लाखों युवा प्रतिभाशाली और कुशल युवा देश छोड़ रहे हैं। हमारे उच्च शिक्षा संस्थानों और विश्वविद्यालयों को वैज्ञानिक सोच वाले अत्यधिक प्रतिभाशाली और कुशल छात्रों का निर्माण करना चाहिए।

अपने भाषण में जवाहरलाल नेहरू का जिक्र करते हुए सीएम सिद्दरामैया ने कहा, जैसा कि पंडित नेहरू ने कहा था, आइए हम एकता के साथ काम करें। आइए हम विकास की एक नई सुबह की शुरुआत करें। हमारी भूमि में शांति, खुशी और सद्भाव पनपे। आइए हम अपनी सेना के प्रति आभारी रहें, जो हमारी रक्षा कर रहे हैं, उन युवाओं को, जो भूमि की संपत्ति बढ़ा रहे हैं, उन किसानों को, जो हमारे लिए भोजन पैदा कर रहे हैं।



स्वतंत्रता दिवस समारोह में मानेकशॉ ग्राउन्ड में मोटरसाइकिल पर करतब दिखाते हुए एएससी व एमईजी के जवान।

# लोक शिक्षण विभाग को भेजा फर्जी पत्र

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। कर्नाटक सरकार के प्रधान सचिव के नाम से एक फर्जी पत्र सार्वजनिक निर्देश विभाग के आयुक्त कार्यालय को भेजा गया। इस फर्जी पत्र में सभी उप निदेशकों को बेंगलूरु में देशपांडे सर्विसेज एजेंसी से स्कूलों के लिए प्राथमिक चिकित्सा बक्से खरीदने का निर्देश दिया गया था। इस पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। फर्जी पत्र के बारे में पता चलने के बाद स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अवर सचिव मल्लिकार्जुन रामचंद्रम्मा ने पुलिस में शिकायत दर्ज करायी है।

पुलिस ने आईपीसी की धारा 420 (धोखाधड़ी), 465 (जालसाजी), 468 (धोखाधड़ी के उद्देश्य से जालसाजी) और 471 (जाली दस्तावेज का धोखाधड़ी से उपयोग) के तहत मामला दर्ज किया है।

# एयरपोर्ट में 30 सोने के बिस्कुट के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

बेंगलूरु। विश्वसनीय सूचना पर कार्रवाई करते हुए, सीमा शुल्क अधिकारियों ने मंगलवार को बेंगलूरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 30 सोने के बिस्कुट के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। एक सीमा शुल्क अधिकारी ने बताया कि कोलकाता से आए व्यक्ति के पास 600 ग्राम वजन के 30 सोने के बिस्कुट पाए गए। इस संबंध में जांच चल रही है।

# आबकारी विभाग ने 25 करोड़ मूल्य की बीयर जब्त की

मैसूरु। रासायनिक परीक्षण रिपोर्ट में मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त पाए जाने के बाद राज्य आबकारी विभाग ने दो प्रमुख ब्रांड की 25 करोड़ रुपये मूल्य की बीयर को जब्त कर लिया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। मैसूरु ग्रामीण के आबकारी उपायुक्त ए. रविशंकर ने यहां संवाददाताओं को बताया कि मामला दर्ज करने के अलावा, विभाग ने स्टॉक को नष्ट करने के लिए कदम उठाए हैं।


इसरो isro
भारत सरकार, अंतरिक्ष विभाग
भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन
(निर्माण एवं अनुरक्षण प्रभाग)
इसरो टेलिमेट्रि ट्रैकिंग एवं कमांड नेटवर्क (इस्ट्रैक)
प्लाट नं. 12 एवं 13, तीसरा मेन, द्वितीय फेज,
पीण्या औद्योगिक क्षेत्र, बेंगलूरु-560058
फैक्स : 080-28094180 फोन : 080-28094182, 4541

संक्षिप्त ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, समुचित वर्ग के ठेकेदरों से एनआईटी में निम्न लिखित कार्यों के लिए नग दर ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एनआईटी सं | इस्ट्रैक/सीएमजी/ई/सीओएन-1/ईटीएन-33 2023-24 दिनांक 16.08.2023 |
| कार्य का नाम | इस्ट्रैक परिसर, एससीसी, बेंगलूरु में 2X60केवीए ऑनलाइन समानांतर निरर्थक यूपीएस सयंत्र की आपूर्ति एवं परीक्षण। |
| निविदा का अनुमानित मूल्य | रु. 62.47 लाख |
| निविदा दस्तावेज विवरण | ई-निविदा |
| कार्य समापन अवधि | तीन (03) माह |
| निविदा प्रलेख डाउनलोड करने की अवधि | 17.08.2023 को 16.00 बजे से 05.09.2023 को 16.00 बजे तक |
| बोली स्पष्टीकरण | 18.08.2023 को 11.00 बजे से 06.09.2023 को 16.00 बजे तक |
| बोली स्पष्टीकरण के जवाब देने की अंतिम तारीख | 07.09.2023 को 16.00 बजे तक |
| निविदा प्राप्ति की अंतिम तारीख और समय | 08.09.2023 को 16.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की नियत तारीख और समय | 11.09.2023 को 11.00 बजे से |
| ईएमडी | रु. 1,24,940.00 |

पात्रता मानदंड और अन्य ब्यौरे के लिए इच्छुक निविदाकार विस्तृत सूचना आमंत्रण निविदा (एनआईटी) देखे जिसे वेबसाइट www.isro.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। बोली प्रपत्र औप अन्य ब्यौरे वेबसाइट www.tenderwizard.com/ISRO से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

ह/- समूह प्रमुख- सीएमजी



इसरो isro
भारत सरकार, अंतरिक्ष विभाग
भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन
(निर्माण एवं अनुरक्षण प्रभाग)
इसरो टेलिमेट्रि ट्रैकिंग एवं कमांड नेटवर्क (इस्ट्रैक)
प्लाट नं. 12 एवं 13, तीसरा मेन, द्वितीय फेज,
पीण्या औद्योगिक क्षेत्र, बेंगलूरु-560058
फोन : 080-28094182 फैक्स : 080-28094180

शुद्धिपत्र-1, दिनांक : 16.08.2023

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, समुचित वर्ग के ठेकेदरों से एनआईटी में निम्न लिखित कार्यों के लिए नग दर ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एनआईटी सं | इस्ट्रैक/सीएमजी/ई/एमएआईएनटी/ईटीएन-27 2023-24 दिनांक 27.07.2023 |
| कार्य का नाम | आईडीएसएन परिसर, बायलालू गांव, बेंगलूरु में स्थापित श्नाइडर इलेक्ट्रिक मेक के एसीबी और एमसीसीबी की सर्विसिंग का कार्य। |
| निविदा का अनुमानित मूल्य | रु. 22.83 लाख |
| निविदा दस्तावेज विवरण | ई-निविदा |
| कार्य समापन अवधि | चार (04) माह |
| निविदा प्रलेख डाउनलोड करने की अवधि | 28.07.2023 को 16.00 बजे से 12.08.2023 को 16.00 बजे तक को 23.08.2023 तक बढ़ा दिया है |
| बोली स्पष्टीकरण | 29.07.2023 को 11.00 बजे से 13.08.2023 को 16.00 बजे तक को 24.08.2023 तक बढ़ा दिया है |
| बोली स्पष्टीकरण के जवाब देने की अंतिम तारीख | 14.08.2023 को 16.00 बजे तक को 25.08.2023 तक बढ़ा दिया है |
| निविदा प्राप्ति की अंतिम तारीख और समय | 15.08.2023 को 16.00 बजे तक को 26.08.2023 तक बढ़ा दिया है |
| निविदा खोलने की नियत तारीख और समय | 16.08.2023 को 11.00 बजे से को 28.08.2023 तक बढ़ा दिया है |
| ईएमडी | रु. 45,660/- |

पात्रता मानदंड और अन्य ब्यौरे के लिए इच्छुक निविदाकार विस्तृत सूचना आमंत्रण निविदा (एनआईटी) देखे जिसे वेबसाइट www.isro.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। बोली प्रपत्र औप अन्य ब्यौरे वेबसाइट www.tenderwizard.com/ISRO से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

ह/- समूह प्रमुख- सीएमजी


# उडुप्पी रेस्टरूम वीडियो मामले में सीआईडी जांच का पहला चरण पूरा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलुरु। कर्नाटक पुलिस के आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) ने उडुपी में नेत्रज्योति पैरामेडिकल कॉलेज के रेस्टरूम के अंदर अन्य छात्राओं द्वारा लड़कियों का वीडियो बनाने से संबंधित सनसनीखेज मामले में जांच का पहला चरण पूरा कर लिया है। बुधवार को सूत्रों ने इसकी पुष्टि की। सूत्रों ने बताया कि काम पूरा होने के बाद सीआईडी के अधिकारी उडुप्पी से बेंगलूरु लौट आए हैं।

डिप्टी एसपी अंजुमला द्वारा सीआईडी एडीजीपी मनीष खरबिकर की निगरानी में जांच की गई। सीआईडी टीम ने मामले के संबंध में गहन पूछताछ की और पीड़ितों, आरोपी छात्राओं, कॉलेज अधिकारियों और अन्य संबंधित व्यक्तियों के बयान दर्ज किए। सूत्रों ने कहा कि टीम अब आरोपी छात्राओं के पास से जब्त किए गए तीन मोबाइलों की रिपोर्ट फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) से आने का इंतजार कर रही है।

उन्होंने कहा कि एक जांच अधिकारी द्वारा जल्द ही घटना के संबंध में रिपोर्ट दाखिल करने की संभावना है। इस बीच, भाजपा तीन आरोपी मुस्लिम छात्राओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग कर रही है। उनका आरोप है कि उन्होंने वॉशरूम में हिंदू लड़कियों की फिल्म बनाई और वीडियो को प्रसारित करने के लिए सौंप दिया।

पार्टी नेताओं ने यह भी दावा किया कि यह मामला हिंदू लड़कियों के खिलाफ एक संगठित अपराध था। उन्होंने राज्य की कांग्रेस सरकार पर घटना को दबाने की कोशिश करके तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया। इस मुद्दे को लेकर आवाज उठाने पर महिला कार्यकर्ता रश्मी सामंत को परेशान करने का कर्नाटक पुलिस पर आरोप लगा।

पैरा-मेडिकल कॉलेज का कहना था कि पीड़ित छात्राएं आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने को तैयार नहीं हैं। प्रारंभ में, पुलिस ने कहा कि वह मामले को नहीं उठा सकती क्योंकि सबूतों की कमी थी। हालांकि, घटनाक्रम के राष्ट्रीय खबर बनने पर दबाव में आने के बाद पुलिस ने स्वत: संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया और जांच शुरू की।

अभिनेत्री से नेता बनीं खुशबू सुंदर ने राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य होने के नाते मामले की जानकारी लेने के लिए उडुप्पी का दौरा किया था। इस मामले को लेकर भाजपा ने राज्यव्यापी विरोध-प्रदर्शन भी किया था। भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल थावरचंद गहलोत से भी मुलाकात की और विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच की मांग करते हुए एक ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने डिप्टी एसपी रैंक के पुलिस अधिकारी से जांच के आदेश दिए थे।

भाजपा का कहना है कि डिप्टी एसपी रैंक का अधिकारी बिना हस्तक्षेप के मामले की जांच नहीं कर सकता और राज्य सरकार अपनी तुष्टिकरण की राजनीति के तहत मामले को दबा देगी। बाद में मामला सीआईडी को सौंप दिया गया। मामले में आरोपी छात्राएं जमानत पर हैं।

# एलजीबीटी समुदाय के सदस्यों के साथ प्यार और स्नेह के साथ व्यवहार किया जाना चाहिए : कर्नाटक उच्च न्यायालय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। एलजीबीटी समुदाय के एक व्यक्ति को कथित तौर पर आत्महत्या के लिए उकसाने पर आपराधिक मामला दर्ज करने को चुनौती देने वाली याचिका खारिज करते हुए कर्नाटक उच्च न्यायालय ने कहा है कि एलजीबीटी (लेस्बियन, गे, बाइसेक्सुअल, ट्रांसजेंडर और अन्य यौन रुझान वाले व्यक्ति) सहित सभी से प्यार और स्नेह के साथ व्यवहार किया जाना चाहिए, ताकि जान न जाए।

न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना ने अपने फैसले में कहा, इस मामले में मृतक एलजीबीटी समुदाय से है। उनके (समाज से) बहिष्कृत होने की संवेदनशीलता उनके मानस में व्याप्त है।

इसलिए, ऐसे लोगों के साथ प्यार और स्नेह से पेश आना चाहिए...यदि प्रत्येक नागरिक ऐसे नागरिकों के साथ स्नेह के साथ व्यवहार करेगा, जैसा कि एक सामान्य इंसान के साथ किया जाता है, तो बेशकीमती जान नहीं जाएगी।

व्हाइटफील्ड पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया था, जिसके बाद पीड़ित के तीन सहकर्मियों ने उच्च न्यायालय का रुख किया था। उत्तर प्रदेश के रहने वाले पीड़ित के पिता ने शिकायत दी थी कि इन तीनों ने उनके बेटे को उसके यौन रुझान के चलते लगातार परेशान किया, जिसके कारण उसने आत्महत्या कर ली। आरोपियों में एक बेंगलूरु का रहने वाला है, जबकि शेष दो आरोपी उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। ये सभी बेंगलूरु की एक कंपनी में सहकर्मी थे।

पीड़ित ने 2014 से 2016 तक कंपनी में काम किया था। वह 2022 में विजुअल मर्चेंडाइजिंग के प्रबंधक के रूप में उसी कंपनी के साथ फिर से जुड़े। आरोप है कि उनके सहकर्मी भद्दे चुटकुले सुनाकर उन्हें नीचा दिखा रहे थे। बताया जाता है कि पीड़ित की टीम के सभी सदस्य उन्हें उनके यौन रुझान को लेकर चिढ़ाते थे। पीड़ित ने 28 फरवरी को इस्तीफा दे दिया था लेकिन बाद में उन्होंने अपना इस्तीफा वापस ले लिया। कथित तौर पर उन्हें ऐसा पद दिया गया जिससे वह सहज नहीं थे।

इसके बाद, पीड़ित व्यक्ति ने कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न अधिनियम के तहत गठित आंतरिक शिकायत समिति से शिकायत की।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



### ध्वजारोहण व सहयोग

बेंगलूरु के आदर्श ग्राम विकास समिति डाबड़ी द्वारा 76वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बनशंकरी स्थित सरकारी स्कूल में ध्वजारोहण किया तथा स्कूल के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। समिति की तरफ से सभी बच्चों को स्कूल की जरूरी सामग्री वितरित की गई एवं बच्चों को स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध करवाया गया। सभा में अतिथि के रूप में रामकृष्ण टी.वी., जयकिशन शर्मा, आनंद गिंदोरिया, प्रसन्न सेठिया, संदीप भंडारी, रतन गुप्ता, प्रकाश मित्तल, अमित अग्रवाल, सचिव सुनील मित्तल आदि उपस्थित थे।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



### स्वतंत्रता दिवस व सम्मान

बेंगलूरु के लायन्स क्लब आनंद के सदस्यों ने स्वतंत्रता दिवस का पर्व श्रीनिवासनगर स्थित वीएस कृष्णअय्यर कॉलेज व विनायका विद्यालय परिसर में मनाया।मुख्य अतिथि लायंस इंटरनेशनल के द्वितीय उपाध्यक्ष डिस्ट्रिक्ट गवर्नर आकाश ने ध्वजारोहण किया। क्लब की अध्यक्षा कविता जैन ने अध्यक्षता की। इस मौके पर विद्यालय के 10 होनाहार विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। डॉक्टर दिवस के उपलक्ष्य में अमूल्य सेवा देने वाली डॉ गीता देवराज का भी सम्मान किया गया। इस मौके पर क्लब के चार सदस्यों के जन्मदिन के मौके पर विद्यार्थियों को सहयोग सामग्री व मिठाई वितरित की गई। इस कार्यक्रम में क्लब की मंत्री अंजली, कोषाध्यक्ष आशीष बाफना सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



### अर्हम भवन

बेंगलूरु के विजयनगर स्थित अर्हम भवन में राजस्थान परिषद् और अर्हम मित्र मंडल के संयुक्त तत्वावधान में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर मंडल के अध्यक्ष बहादुर सेठिया एवं परिषद के कार्यवाहक अध्यक्ष बालचंद चिंडालियाने ध्वजारोहण किया। मंडल के मंत्री संजय सिंघी एवं परिषद् के पूर्व मंत्री रणजीत सुराना सहित विनय बैद आदि अनेक सदस्य उपस्थित थे।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



### स्वतंत्रता दिवस

मारवाड़ी युवा मंच बेंगलूरु स्टार्स के सदस्यों ने लालबाग रोड स्थित सरकारी स्कूल के 80 विद्यार्थियों के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया तथा स्कूल परिसर में ध्वजारोहण किया। सदस्यों ने बच्चों को आवश्यक सामग्री दी तथा बच्चों को नाश्ता करवाया। बच्चों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

## जयनगर जैन मंदिर में मनाया स्वतंत्रता दिवस



बेंगलूरु/दक्षिण भारत। शहर के राजस्थान जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक संघ जयनगर में साध्वीश्री संस्कारनिधिश्रीजी की निश्रा में संघ के पदाधिकारियों ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर साध्वीश्री ने कहा कि आज के दिन भारतवर्ष अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त हुआ था।अनेक नरवीरों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया, तब देश स्वतंत्र हुआ था। उनके बलिदान और कुर्बानी को याद करके हम हमारे देश के प्रति वफादार रहें और राष्ट्ररक्षा के कार्य में सदा तत्पर रहें। हमारी आत्मा भी अनंत काल से कर्मों की गुलाम है। कर्मों के बंधन से बंधी आत्मा को मुक्त करने के लिए गुरु के मार्गदर्शन में साधना करनी अनिवार्य है। प्रभु कृपा से गुरु मिलते हैं और गुरु की करुणादृष्टि से हमारा आत्म कल्याण होता है।



## मातृछाया की सदस्याओं ने आश्रम में किया सहयोग, दी सहयोग राशि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय मातृछाया महिला समूह ने जयनगर स्थित वात्सल्यपुरम आश्रम में ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस मनाया। लीला भंसाली व गीता संचेती ने मंगलाचरण किया। संस्था की सचिव पुष्पा बाफना,कोषाध्यक्ष ललिता नागोरी, कांता समदड़िया,मार्गदर्शिका त्रिशला कोठारी एवं वात्सल्यपुरम की संस्थापिका शिखा जैन ने ध्वजारोहण किया। रेशमा बडोला ने मातृछाया की ओर से सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। बच्चों ने पिरामिड द्वारा भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। त्रिशला दांतेवाड़िया ने बच्चो का उत्साहवर्धन करते हुए गीत के माध्यम से उन्हें प्रोत्साहित किया। मातृछाया की शोभा भंडारी, मीना सोनीगरा, सरला मेहता, रेणु गांधी, रमिला जैन ने बच्चों के हाथों पर राखी बांधी। संस्था की ओर से बच्चों को खाद्य सामग्री, मिठाई- नमकीन, फल वितरित किया तथा बच्चों की पढाई फीस हेतु सहयोग राशि का चैक दिया।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



### स्वतन्त्रता दिवस

बेंगलूरु के तेरापंथ महिला मंडल आरआर नगर की अध्यक्ष सुमन पटावरी के निर्देशन में 2 सरकारी स्कूलों में ध्वजारोहण किया गया। मागड़ी रोड स्थित सरकारी स्कूल के मंडल द्वारा स्थापित कन्या सुरक्षा स्तंभ पर ध्वजारोहण किया। पूर्व अध्यक्ष लता बाफना एवं अभातेमम कार्यकारिणी सदस्य एवं मंडल की उपाध्यक्ष मधु कटारिया ने अपने विचार व्यक्त किया। इसके अलावा बंगारप्पानगर स्थित सरकारी स्कूल स्थित लाइब्रेरी एवं सरकारी अस्पताल में भी ध्वजारोहण किया गया। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। दोनों ही स्कूल में मंडल द्वारा सभी बच्चों को उपहार भेंट किए गए। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष कंचन छाजेड़, उपाध्यक्ष मंजु बोथरा, सहमंत्री ममता दुगड़ एवं वंदना भंसाली, प्रचार मंत्री पूनम दक, कन्यामंडल प्रभारी पूनम दूगड़, सहप्रभारी निशा छाजेड़, हेमलता सुराणा, श्वेता चोपड़ा, मंत्री पदमा महेर आदि उपस्थित थीं।



## स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित हुआ सुंदरकांड का पाठ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय मारुति भक्त मंडल द्वारा स्वतंत्रता दिवस के मौके पर जांगीड़ समाज के विश्वकर्मा भवन में सुन्दरकांड का पाठ किया गया। मंडल के संपत गुलगुलिया ने बालाजी की ज्योत प्रज्वलित करके चूरमे का भोग लगाया। राकेश जांगीड ने पूजा में सपरिवार भाग लिया। पंडित शंभुदायाल पारीक एवं विमलेश जोशी ने संगीतमय ढंग से सुन्दरकांड का पाठ किया तथा भजनों व देशभक्ति के गीतों की प्रस्तुति दी। संजय जांगीड़ व पवन जांगीड़ ने ध्वजारोहण किया।राजेश चोयल ने सभी उपस्थित जनों को धन्यवाद दिया।

## साधर्मिक भक्ति मोक्ष की पहली सीढ़ी है: साध्वी सुलोचनाश्री

बेंगलूरु/दक्षिण भारत । शहर के जिनकुशलसूरी जैन दादावाड़ी ट्रस्ट बसवनगुडी में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वीश्री सुलोचनाश्रीजी ने बताया कि महावीर स्वामी के किस तरह गौत्र कर्म बाकी रहने से 82 दिवस तक



देवानन्दा की कुक्षी में रहना पड़ा और इसके बाद इन्द्र के आदेश से हरिणगमेशी देव के द्वारा गर्भ संक्रमण किया गया इसका रोचक विवरण दिया और साथ में नौ अलग अलग अच्छेरों के बारे में बताया और कहा कि जिनेन्द्र परमात्मा के शासन में जो एक ही धर्म का पालन करता है और जो प्रभु की आज्ञा में चलते हैं उसे साधर्मिक कहते हैं, साधर्मिक भक्ति मोक्ष की पहली सीढ़ी है। साधर्मिक भक्ति का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण पूणिया श्रावक का आता है जो एक दिन उपवास करते थे और उनकी पत्नी एक दिन उपवास करती थी और एक साधर्मिक की भक्ति प्रतिदिन करते थे।

## तेरापंथ सभा बेंगलूरु हुई 'विशिष्ट सभा' के रूप में पुरस्कृत

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। मुम्बई में विराजित आचार्य महाश्रमण जी के सान्निध्य में तेरापंथी महासभा के तत्वावधान में आयोजित 3 दिवसीय सभा प्रतिनिधि सम्मेलन में विभिन्न सभाओं का मूल्यांकन कर उन्हें सम्मानित किया गया। महासभा पर्यवेक्षक मुनिश्री विश्रुतकुमारजी, कुमारश्रमणजी ने संभागियों को संबोधित किया। महासभा अध्यक्ष मनसुखलाल सेठिया व महामंत्री विनोद बैद ने सभी को संबोधित किया। अन्तिम सत्र में वर्ष भर में किए गए कार्यों का मूल्यांकन करते हुए जैन श्वेताम्बर तेरापंथ सभा, बेंगलूरु को विशिष्ट सभा के रूप में पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। बेंगलूरु सभा के अध्यक्ष कमलसिंह दुगड़ , उपाध्यक्ष अरविंद सिंघी, मंत्री गौतम मांडोत, संगठन मंत्री धर्मेश कोठारी ने पुरस्कार प्राप्त किया।







## आज मैं जो कुछ भी हूँ, महापुरुषों की बदौलत हूँ : साध्वी प्रतिभाश्री

### अक्कीपेट संघ ने मनाया साध्वीश्री का 53वां जन्मोत्सव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ अक्कीपेट के तत्वावधान में गोड़वाड़ भवन में अक्कीपेट स्थान में चातुर्मासार्थ विराजित महासाध्वी डॉ प्रतिभाश्रीजी का 53वां जन्मोत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस मौके पर साध्वी अनुज्ञाश्रीजी ने कहा कि जीव कर्म बंधने में स्वतंत्र है लेकिन भुगतान करने में परतंत्र है। तीसरा पाप है अदत्तादान यानी बिना दी हुई वास्तु लेना। किसी की बिना आज्ञा से कोई वस्तु ले लेना भी चोरी है। बिना अनुमति किसी की कैसी भी वस्तु, जगह, उपकरण आदि उपयोग में नहीं लेना चाहिए। इमानदारी से कमाए हुए धन की ही घर में बरकत होती है। श्रेष्ठियों की ईमानदारी ऐसी होती थी कि वे बिना पूछे किसी की वस्तु उपयोग में नहीं लेती थी। प्रकट करने से ही गलती को दुरुस्त किया जा सकता है। बिना पूछे किसी की वस्तु ले लेना यह भी एक चोरी है। इसलिए हमें हमेशा किसी दुसरे कि वस्तु का उपयोग उसके मालिक की आज्ञा लेकर ही करना चाहिए। आजकल हर व्यक्ति को सुख चाहिए। सुख से जियो, सुख शांति से रहो, लेकिन सुख व्यक्ति के अंदर में भरा हुआ है पर व्यक्ति सुख को बाहर ढूंढने की कोशिश कर रहा है। इसलिए वह आत्मिक सुखों को प्राप्त नहीं कर पा रहा है।

साध्वी प्रतिभाश्रीजी ने कहा कि मेरा जीवन में ऐसा कुछ नहीं है जिससे उत्सव के रूप में मनाया जाए। पर, मेरे ऊपर मेरे माता, पिता, गुरुणी मैया और अनेक महापुरुषों के अनंत उपकार है। आज मैं जो कुछ हूँ उन्हीं की वजह से हूं। मैं उन सभी महापुरुषों का धन्यवाद अर्पित करती हूं जिन्होंने मुझे मेरे जीवन निर्माण में सहयोग किया। अपने गुरु ने की जन्मदिन पर साध्वी ऋषिताश्रीजी ने कहा कि साध्वी प्रतिभाश्रीजी मां तुल्य है। साध्वी सर्वज्ञाश्रीजी ने गुरु मां के जीवन के सरल और सहज गुणों को याद करते हुए सभी के सामने रखा। साध्वी प्रियंगीश्रीजी ने कहा कि गुरुवर्या के जीवन में साधना व आराधना भी गजब है। इस मौके पर प्रवीण बोहरा व चंद्राबाई पोरवाल ने विभिन्न तपस्या के प्रत्याख्यान ग्रहण किए। समारोह कि शुरुआत में संघ के अध्यक्ष नेमीचंद सालेचा ने सभी का स्वागत किया। प्रतिभा बालिका मंडल, चंदनबाला महिला मंडल, सत्य बहू मंडल, नवयुवक मंडल के सदस्यों ने अपनी प्रस्तुतियां दी। इस मौके पर देश भर के अनेक शहरों से श्रद्धालु उपस्थित थे। साध्वी प्रियांगीश्रीजी ने चातुर्मास संबंधी सूचनाएं प्रदान की। सहमंत्री विनोद भूरट ने संचालन किया।



## संयम द्वारा प्राप्त होती है स्वतंत्रता की सच्ची कुंजी : मुनि दीपकुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के विजयनगर स्थित अर्हम भवन में विराजित दीपकुमारजी के सान्निध्य में 77वां स्वतंत्रता दिवस के मौके पर ध्वजारोहण किया गया। मुनिश्री दीपकुमारजी ने कहा कि हर व्यक्ति स्वतंत्रता चाहता है, आज के युग में उसकी मांग और अधिक बढ़ गई है। किंतु स्वतंत्रता की सच्ची कुंजी संयम के द्वारा प्राप्त होती है। उसके बिना वह वरदान नहीं अभिशाप साबित होता है। स्वतंत्रता का मतलब अनुशासनहीनता समझना भूल है। जिस समाज और राष्ट्र के सदस्य मर्यादित और अनुशासित होते हे, स्वतंत्रता रूपी लक्ष्मी का वहा स्थाई निवास होता है। मुनिश्री काव्यकुमारजी ने ज्ञान और धन के संबंध के बारे में विचार व्यक्त करते हुए स्वतंत्रता दिवस की अभिव्यक्ति दी।

ध्वजारोहण के कार्यक्रम में सभाध्यक्ष प्रकाश गांधी, कोषाध्यक्ष दिलीप चावत, सहमंत्री लाभेश कांसवा, तेयुप के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमेश डागा, महामंत्री पवन मांडोत कोषाध्यक्ष भरत मरलेचा, स्थानीय युवक परिषद् के अध्यक्ष राकेश पोखरना, मंत्री कमलेश चोपड़ा, महिला मंडल की अध्यक्षा मंजू गादिया, मंत्री आशा कोठारी टीम सहित उपस्थित थे।



## 'जीतो महिलाओं द्वारा 'शासन तुझे सलाम' विषय सेमिनार का आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जीतो की राष्ट्रीय योजना श्रमण आरोग्यम के अन्तर्गत बेंगलूरु जीतो की साउथ एवं नॉर्थ महिला विंग द्वारा संयुक्त रूप से विजयनगर स्थित संभवनाथ जैन मंदिर में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। साधु-साध्वी भगवंतों से दर्शन-सेवा एवं प्रेरणा पथ पाने के उद्धेश्य से आयोजित इस 'शासन तुझे सलाम' शीर्षक के सेमिनार में साध्वीश्री आज्ञानिधिश्री का सान्निध्य प्राप्त हुआ। साध्वीश्री ने कहा कि हमें महान जिनशासन हमें मिला है। उन्होंने शासन से प्रेम, प्रीति तथा प्राप्ति का महत्व बताया। जहां प्रेम है वहाँ परिणति है। नारी शब्द की व्याख्या कर कहा कि एन यानी नेशन पॉवर, ए यानी एडिशन पॉवर, आर यानी रिलेशन पॉवर, आई यानी इंडिकेशन पॉवर। अगर हमारे में समझदारी, जवाबदारी और वफादारी आ जाये तो हमारे यथाशक्ति योगदान से हम समाज में सुधार कर सकते हैं।श्राविकाओं को यह सुनिश्चित करना होगा कि हम न्यायपूर्णता, समानता, और सामाजिक मानवाधिकार के प्रति प्रतिबद्ध रहें। साध्वी श्री करुणासिद्धि श्रीजी ने साधर्मिक सेवा करने हेतु सभी को विशेष प्रेरणा दी।

जीतो नार्थ के उपाध्यक्ष सिद्धार्थ बोहरा के अनुसार द्वितीय सत्र में शासन ध्वज एवं राष्ट्र ध्वज सजावट की प्रतियोगिता रखी गई जिसमें बिजल शाह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। भाषण में तनुजा मेहता ने प्रस्तुति दी। निर्णायक की भूमिका मीना बडेरा एवं मधु कटारिया ने निभायी। सभी विजेताओं को जीतो की ओर से पुरस्कृत किया गया। जीतो पदाधिकारियों ने श्रमण आरोग्यम फ़ॉर्म के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं फ़ॉर्म साध्वीश्री जी को भेंट किया। साध्वी श्री जी ने नारी शक्ति एवं संगठन शक्ति हेतु सभी को बधाई दी। श्रमण आरोग्यम योजना की सराहना कीविऔर कहा कि जीतो संस्था मानव जाती हेतु अनेकों आयामों पर सुदृढ़ता से कार्य कर रही है। साधु-साध्वी की सेवा दर्शन और प्रेरणा पाथेय हेतु एकजुट होकर आना अच्छा लक्ष्य है। इस आयोजन में संयोजिका सुमन सिंघवी एवं अश्मिता चौहान, सह-संयोजिका संतोष सोलंकी एवं दीपमाला जैन ने व्यवस्था सँभाली। जीतो साउथ महिला विंग महामंत्री मोनिका पिरगल ने शुभकामनाएं दी। सभी का स्वागत साउथ महिला विंग अध्यक्ष सुनीता गांधी ने किया। नॉर्थ महामंत्री सुमन वेदमुथा ने आभार व्यक्त किया। नॉर्थ अध्यक्ष बिन्दु रायसोनी ने संचालन किया।



## बाबा भोलेनाथ ही सृष्टि के सर्वेश्वर हैं : आचार्य मुरारी दाधीच

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। शहर के राजराजेश्वरी नगर स्थित पहाड़ी वाले मेहंदीपुर बालाजी मंदिर में श्री मारुति मंदिर द्वारा सप्त दिवसीय शिव महापुराण के विश्राम दिवस की कथा में कथा वाचक आचार्य मुरारी दाधीच ने कहा कि मनुष्य के जीवन में द्वादश ज्योतिर्लिंग के दर्शन का बहुत महत्व है। व्यक्ति को द्वादश ज्योतिलिंग के दर्शन जरूर करने चाहिए। महादेव की पूजा करने, दूध और जल से अभिषेक करने और बेलपत्र चढ़ाने से महादेव बहुत प्रसन्न होते है और व्यक्ति के जीवन के सारे कष्ट हर लेते हैं। बाबा भोलेनाथ ही सृष्टि के सर्वेश्वर हैं। कथा स्थल पर आजादी पर्व मनाया गया।

कथावाचक ने कहा कि किसी एक व्यक्ति से हमारा देश विश्वगुरू नहीं बनेगा, हम सब को एक होकर देश को विश्वगुरु बनाने में अपना सहयोग करना है। इस मौके पर श्याम मंदिर के संस्थापक सदस्य रेवंतमल झँवर, सर्वेश दाधीच, सरदारमल सुराणा, सुभाष गुप्ता, पवन दायमा, समाज सेवी महेन्द्र मुणोत, सुरक्षा मुणोत उपस्थित थे। आचार्यश्री ने सभी को आशीर्वाद प्रदान किया।

## वीरता, शौर्य व बहादुरी का पर्व है स्वतंत्रता दिवस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के राजाजीनगर स्थित शंखेश्वर पार्श्वनाथ जैन मंदिर में चातुर्मासार्थ विराजित पन्यास श्री भक्तिरत्नविजयजी, मुनिश्री भाग्यचंद्र विजयजी व बालमुनि श्री भक्तिदर्शन विजयजी ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर कहा कि भारत महापुरुषों की भूमि है। यहां राम, कृष्ण, महावीर, गौतम, बुद्ध, श्रवणकुमार जिसे सपूतों ने जन्म लिया तो दूसरी ओर महात्मा गांधी, शहीद भगतसिंह, चन्दशेखर आजाद, सुभाषचन्द बोस आदि वीरों भी भी जन्म लेकर देश की रक्षा की। भारत के उन महान स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि है जिनके त्याग और बलिदान के चलते भारत को अंग्रेजी हुकूमत से हमें आजादी मिली थी। आज का दिन इनकी बहादुरी, वीरता और शौर्य को नमन करने का दिन है। हमें आज के दिन संविधान में लिखी बातों का पालन करने का संकल्प लेना चाहिए।




## विजयनगर में आयोजित हुआ सुरों का महासंग्राम 'सरगम' का द्वितीय सेमीफाइनल

बेंगलूरु। अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद की प्रस्तुति सरगम सीजन-4 सुरों का महासंग्राम का द्वितीय सेमी फाइनल तेरापंथ युवक परिषद विजयनगर द्वारा कासिया भवन आडिटोरियम में आयोजित किया गया।तेयुप विजयनगर अध्यक्ष राकेश पोखरणा ने सभी का स्वागत किया तथा परिषद के कार्यों की जानकारी दी।इस सेमीफ़ाइनल में भारत के करीमगंज, त्रिपुर, बीकानेर, टिटलागढ़, दिल्ली, बेंगलूरु, विलिपुरम एवं भुवनेश्वर आदि से कुल 14 युगल प्रतिभागियो ने भाग लिया। कार्यक्रम के प्रयोजक के रूप में मनोहरलाल, राकेश, बाबेल परिवार ने सहयोग दिया।

प्रथम चरण में गुरु आराधना एवं द्वितीय चरण में देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति प्रदान की। तिरुपुर, बीकानेर, आर.आर. नगर, यशवंतपुर, गांधीनगर के प्रतिभागियों को सीधे फ़ाइनल में प्रवेश मिला एवं एक टीम को रिज़र्व में स्थान दिया गया। इस कार्यक्रम निर्णायक की भूमिका में दिगम्बरराव चौहान, पुष्पा राठौड़ व मीठालाल पावेचा रहे। अभातेयुप राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज डागा की अध्यक्षता रही।

अभातेयुप के पूर्व अध्यक्ष व मुख्य अतिथि विमल कटारिया ने कहा कि संगीत का नाम मात्र सुनने से मन में हिलोरे पैदा हो जाती है व्यक्ति झूमने पर मजबूर हो जाता है। इस मौके पर तेयुप राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमेश डागा, अभातेयुप महामंत्री पवन मांडोत सहित अनेक राष्ट्रीय व स्थानीय सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सूरत से समागत सुश्री आरजे राजुल सुराणा एवं मंच संचालन परिषद मंत्री कमलेश चोपड़ा ने किया। तेयुप विजयनगर से संयोजक अभिषेक कावड़िया व पूरी टीम व्यवस्था संभाली।



# बीबीयूल विद्यालय में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के शंकरपुरम स्थित बीबीयूएल जैन विद्यालय व सीबी भंडारी जैन कॉलेज में 77वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ उदय गरुड़ाचार व समिति के अध्यक्ष चम्पालाल भंडारी आदि ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर विद्यार्थियों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। उपस्थित सभी जनों ने विद्यार्थियों की प्रस्तुति की सराहना की।

# स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित हुई अनेक प्रतियोगिताएं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। शहर के सिमंधरस्वामी राजेंद्रसूरी मंदिर संघ मामुलपेट के तत्वावधान में राजेन्द्र भवन में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वीश्री भव्यगुणाश्रीजी ने स्वतंत्रता दिवस पर राजेंद्र महिला परिषद द्वारा आयोजित जैन फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता अंतर्गत कहा कि 15 अगस्त स्वतंत्रता की वर्षगांठ है। आजाद भारत हिंदुस्तान में पैदा होने वाले भारतीयों को इस बात का अंदाज़ा होना चाहिए कि यह स्वतंत्रता हमें पुरस्कार में नहीं मिली है इसके लिए असंख्य लोगों ने अपना बलिदान दिया है। इसके लिए हमें उनका हृदय से कृतज्ञ होना चाहिए। अब यह हमारा कर्तव्य है कि इस देश की स्वतंत्रता को बनाए रखें भारत केवल मिट्टी पानी और नदी पर्वत का नाम नहीं है जंगल मैदान समुद्र और नदियां तो जड़ पदार्थ है इसके बाद भी वह एक शक्ति है ईश्वरत्व है।हम जैसा खुश किस्मत सौभाग्यशाली दूसरा कोई नहीं है इसकी सभ्यता संस्कृत शानबान हमारे दिल को छू लेती है। मेघराज भंसाली ने बताया कि फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में 8 पुरस्कार दिए गए। इसके अलावा सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। भंवरलाल कटारिया, संघवी हेमराज छत्रगोता, डुंगरमल चोपड़ा, नेमीचंद संघवी, दिनेश ओस्तवाल, प्रकाश ओस्तवाल, हेमराज मोदी, कांतिलाल गांधीमुथा, गुलाबचंद वाणीगोता, सुरेश वाणीगोता, दिलीप कांकरिया, रमेश पालगोता, जयंतीलाल नाहर, राजेश गांधीमुथा, धीरज भंडारी, चिकपेट संघ के बाबुलाल गौतमचंद जियाणी, शांतिलाल गादिया, किशोर जियाणी दुर्लभराज जैन आदि उपस्थित रहे। त्रिलोकचंद भंडारी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# देशभक्तों के त्याग और बलिदान की अमर है कहानी : आचार्य महेन्द्रसागरसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



राणीबेन्नूर। यहां शहर के सुमतिनाथ जैन श्वेताम्बर मूतिपूजक संघ में चातुर्मासार्थ विराजित आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीजी की निश्रा में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस मौके पर आचार्यश्री ने भारत के लिए शहीद हुए कई भारतीय वास्तविक हीरों को याद किया। उन्होंने कहा कि स्वर्णाक्षरों में अंकित ऐसे कई जाबांज हुए हैं, जो भारत के लिए लड़ने में हमेशा हमेशा के लिए तिरंगे में लिपटकर इस धरती माँ की गोद में समा गए।

लंबी पराधीनता के बाद मिली आजादी का सपना आजादी के दिन साकार हुआ था। लहराते इस तिरंगा ध्वज को देखकर उस समय मौजूद लोगों की आंखों में खुशी के आंसू थे कि अंततः हमें हमें कई कुर्बानियां देने के बाद ये दिन हमने देखा। स्वाधीनता सेनानियों के त्याग और बलिदान को हमें याद रखना चाहिए।




# प्रसन्न मन से की गई पूजा फलदायी बनती है : मुनि राजपद्मसागर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के शांतिनाथ जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ ट्रस्ट के तत्वावधान में एलएनपुरम स्थित समणी भवन के प्रांगण में चातुर्मासार्थ विराजित मुनिश्री राजपद्मसागरजी ने कहा कि मानव-जीवन की सफलता का आधार है धर्मपुरुषार्थ। उन्होंने कहा कि परमात्मा की अंगपूजा, अग्रपूजा और भावपूजा को समझो। अंगपूजा के बाद अग्रपूजा और के पश्चात भावपूजा की जाती है। इस पूजनविधि में एक महत्वपूर्ण पूजन है अवस्था चिंतन का परमात्मा जिनेश्वर देव की तीन अवस्थाओं का चिंतन करना होता है। परमात्मा की 'बाल्यावस्था' का चिंतन परमात्मा के सामने करना है, अपनी बाल्यावस्था और परमात्मा की बाल्यावस्था में बहुत अंतर है। परमात्मा तीर्थकरदेव माता के गर्भ में श्री तीन ज्ञान से युक्त होते है। मतिज्ञान, श्रवज्ञान और अवधिज्ञान होता है। मुनि श्री श्रमणपद्मसागरजी म सा ने कहा कि जीवन चंचल है, आत्मा शाश्वत है।

जीवन अस्थिर है। आत्मा स्थिर है, आत्मा को स्थिर, यानी शाश्वत सुख पाने के लिए परमात्मा कि नवांगी पूजा में शिक्षा की पूजा करते का परमात्मा आप सिद्धशिला में बिराजमान है। हमें पूरे हृदय भाव के साथ पूजा अनुष्ठान करना चाहिए।

# अब ऊंची रैंकिंग वाली टीमों से डरते नहीं हैं : प्रीतम कोटाल

**नई दिल्ली/ भाषा।** भारतीय फुटबॉल टीम के अनुभवी डिफेंडर प्रीतम कोटाल का कहना है कि अब उनकी टीम ऊंची रैंकिंग वाली टीमों से डरती नहीं है। इंटर कांटिनेंटल कप और सैफ चैम्पियनशिप जीतने के बाद कोच इगोर स्टिमक की भारतीय टीम को किंग्स कप, एशियाई खेल, मेरडेका कप और एएफसी एशियाई कप खेलना है। एशियाई कप में भारत (18वीं रैंकिंग) को ऑस्ट्रेलिया (एएफसी तीसरी रैंकिंग), उजबेकिस्तान (10वीं) और सीरिया (14वीं) जैसी टीमों के साथ कठिन ड्रॉ मिला है। डिफेंडर प्रीतम कोटाल ने ' इन द स्टैंड्स' के ताजा एपिसोड में कहा, अब खिलाड़ियों की सोच बदल गई है। हम किसी टीम से डरते नहीं हैं। हम मुकाबला करते हैं। ऑस्ट्रेलिया हो, उजबेकिस्तान या सीरिया। मोहन बागान को अपनी कप्तानी में पिछले सत्र में पहला आईएसएल खिताब दिलाने वाले कोटाल ने कहा, हमें यकीन है कि इस साल हम कुछ अलग करेंगे।




# कल्पसूत्र में संतों के आचार का वर्णन है : साध्वी प्रीतिसुधा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के मागड़ी रोड स्थित सुमतिनाथ जैन श्वेतांबर संघ में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वीश्री प्रियमंत्राान्जनाश्रीजी की निश्रा में पर्वाधिराज पर्युषण महापूर्व की आराधना के तीसरे दिन साध्वीश्री प्रीतिसुधाश्रीजी ने कल्पसूत्र का वाचन प्रारंभ किया।

कल्प यानी आचार, इसमें साधु साध्वीजी के आचार का वर्णन है एवं परमात्मा महावीर के पूर्व भव का वर्णन है।

दशाश्रुतस्कंध आगम का आठवां अध्याय कल्पसूत्र है। मंगलवार को साध्वीश्री की निश्रा में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया तथा ध्वजारोहण किया गया। साध्वीश्री प्रियवर्षान्जनाश्रीजीने प्रभु महावीर के पूर्व भव का वर्णन किया और देश की आज़ादी के बारे में बताया।

# जीवन में सहनशीलता का कितना बड़ा महत्व है : साध्वी तत्वत्रयाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। शहर के महालक्ष्मी लेआउट स्थित चिंतामणि पार्श्वनाथ जैन मंदिर में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वीश्री तत्वत्रयाश्रीजी ने कहा कि सहनशीलता एक ऐसा सत्य है, जिससे प्राय: सभी लोगों को अपने जीवनकाल में रू-ब-रू होना पड़ता है। सहनशील होना एक गुण है, जिससे जीवन का वास्तविक विकास होता है। आज हमारे जीवन में दुख और तनाव हावी हैं। इसका परिणाम यह है कि हम थोड़े से कष्टों से शीघ्र घबरा जाते हैं, क्रोधित हो जाते है। जीवन में सहनशीलता का कितना बड़ा महत्व है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का सादगी से भरा जीवन बहुत ही सहनशील था। वह प्राय: अपने प्रत्येक कार्य और व्यवहार में सहनशील बने रहते थे। समय के बेहद पाबंद थे और अपने मन, वचन व कर्म से कभी किसी को कष्ट देना पसंद नहीं करते थे इसीलिए वे अपने जीवन में सफल रहे थे।

आज आवश्यकता इस बात की है कि हम सहनशील बनें ताकि हमारे कर्म और व्यवहार से किसी को कोई कष्ट न हो। प्रवचन में काफी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। यह जानकारी जयंतीलाल श्रीश्रीमाल ने दी।



# 'भारत जोड़ो यात्रा' कुछ ऐसी है, जैसे 1000 चूहे खाकर बिल्ली हज को चली : बीआरएस नेता कविता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**निजामाबाद (तेलंगाना)/ भाषा।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की विधान पार्षद के. कविता ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि हाल में संपन्न 'भारत जोड़ो यात्रा' कुछ इस तरह है, जैसे 1000 चूहे खाकर बिल्ली हज को चली। कविता ने भोदान में बीआरएस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी पर कटाक्ष किया और आरोप लगाया कि कांग्रेस ने 62 वर्ष तक देश पर शासन किया, जिसमें 'गरीबी हटाओ' के नारे के बावजूद गरीब, गरीब ही बने रहे।

अगला आम चुनाव निजामाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से लड़ने की सार्वजनिक रूप से घोषणा करने के बाद यह कविता का इस क्षेत्र का पहला दौरा है। बीआरएस नेता के स्वागत के लिए कार्यकर्ताओं ने एक विशाल रैली आयोजित की। कविता ने आरोप लगाया, उन्होंने (राहुल गांधी) एक पैदल मार्च निकाला - 'भारत जोड़ो यात्रा'। आप जानते हैं मैं (इस यात्रा को लेकर) कैसा महसूस करती हूं?, हजार चूहों को मार कर एक बिल्ली हज यात्रा को निकलती है। ऐसी है राहुल गांधी जी की यात्रा। उन्होंने आरोप लगाया, कांग्रेस पार्टी ने देश की आजादी के बाद 62 साल तक शासन किया। आपने मुसलमानों के लिए क्या किया? आप (कांग्रेस पार्टी) 'गरीबी हटाओ' कहते रहे। आपने गरीबों के लिए क्या किया? आपने गरीबों को हटाया, गरीबी को नहीं। कविता ने बीआरएस पार्टी के कार्यकर्ताओं से कहा कि वे निर्वाचन क्षेत्र के हर घर और मस्जिद के मौलानाओं से मिलें और उन्हें ये समझाएं कि कांग्रेस को वोट क्यों नहीं देना चाहिए।

उन्होंने कहा, तेलंगाना में कोई भी वह क्रांति नहीं ला सका जो मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) पिछले 10 वर्ष में राज्य में लाने में सक्षम रहे हैं। हमारे अल्पसंख्यक भाइयों को इस बारे में सोचना चाहिए कि क्या किसी को कांग्रेस को वोट देना चाहिए।

उन्होंने दावा किया कि पीढ़ियों से कांग्रेस नेताओं के शासन के बावजूद देश में कोई विकास नहीं हुआ है। बीआरएस नेता ने दावा किया कि तेलंगाना के मुसलमान 'कार और सरकार' (कार बीआरएस का चुनाव चिन्ह है) के अलावा कुछ भी नहीं सोच रहे हैं।

# शरद पवार-अजित पवार की बैठक में क्या बातचीत हुई, इसकी जानकारी नहीं : सुले

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पुणे (महाराष्ट्र)/भाषा।** राकांपा नेता सुप्रिया सुले ने बुधवार को कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि पिछले सप्ताह पुणे के एक उद्योगपति के घर पर शरद पवार और अजित पवार के बीच क्या बातचीत हुई थी।

कोरेगांव पार्क क्षेत्र में 12 अगस्त को उद्योगपति अतुल चोरडिया के आवास पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) संस्थापक शरद पवार और उनके भतीजे एवं महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के बीच एक बैठक हुई थी। बारामती से लोकसभा सदस्य सुले ने कहा कि वह बैठक में मौजूद नहीं थीं और उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है कि वहां क्या हुआ था। सुले ने कहा, दादा (अजित पवार) के जन्म से पहले भी पवार और चोरडिया परिवारों के बीच अच्छा संबंध था क्योंकि (अतुल) चोरडिया के पिता और पवार साहब कॉलेज में एक साथ थे। इसलिए, अगर दोनों परिवार मिलते हैं तो इसमें आश्चर्य की कोई बात नहीं है।

कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले ने मंगलवार को कहा था कि यह उनकी पार्टी के लिए चिंता की बात है कि शरद पवार और



अजित पवार गुप्त रूप से मुलाकात कर रहे हैं। शरद पवार शिवसेना (यूबीटी), कांग्रेस और राकांपा के महाविकास आघाड़ी (एमवीए) गठबंधन का हिस्सा हैं, जबकि अजित पवार पिछले महीने एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना-भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) नीत सरकार में शामिल हो गए थे।

अजित पवार के रुख के बारे में सुले ने कहा कि मतभेद होते रहते हैं और इसे स्वस्थ लोकतंत्र के संकेत के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि शरद पवार की बहन सरोज पाटिल दिवंगत कॉमरेड डॉ. एन डी पाटिल की पत्नी हैं, लेकिन (शरद) पवार और पाटिल कई मौकों पर एक-दूसरे के खिलाफ खड़े हुए।

उन्होंने कहा, इसका मतलब यह नहीं कि बुआ का हमारे प्रति प्यार कम हो गया है। हमारे परिवार में, निजी संबंध एक तरफ हैं और राजनीतिक विचार दूसरी तरफ है। सुले ने कहा कि पवार साहब और एन. डी. पाटिल के बीच मतभेदों के बावजूद महाराष्ट्र ने उन्हें स्वीकार किया और दोनों नेताओं को प्यार मिला। उन्होंने कहा, राज्य में एक बार फिर ऐसी ही स्थिति बन गई है। अगर दादा (अजित पवार) को लगता है कि उनका राजनीतिक रुख सही है, तो लोकतांत्रिक व्यवस्था में इसे स्वीकार किया जाना चाहिए। हमारा रुख दादा से अलग हो सकता है और मैं इसे लोकतंत्र में गलत नहीं मानती।

भाजपा से 'प्रस्ताव' मिलने के दावे से जुड़ी खबरों के बारे में पूछे जाने पर सुले ने कहा कि उन्हें किसी से कोई प्रस्ताव नहीं मिला है।



# लाल किला पर स्वतंत्रता समारोह में न जाने को लेकर खड़गे ने दी सफाई

**नई दिल्ली/वार्ता।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल नहीं होने की वजह बताते हुए मंगलवार को कहा कि इस अवसर पर पार्टी मुख्यालय मे समारोह होना था और इस स्थिति में यदि वह लाल किला जाते तो फिर पार्टी के कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाते। लाल किला पर आयोजित समारोह के दौरान खड़गे के लिए आरक्षित कुर्सी पूरे कार्यक्रम में खाली रही। इसको लेकर भाजपा नेताओं ने कांग्रेस पर निशाना भी साधा।

खड़गे ने कांग्रेस मुख्यालय में ध्वजारोहण किया। पत्रकारों ने इस संबंध में जब सवाल पूछे तो उन्होंने कहा कि कांग्रेस दफ्तर में तिरंगा फहराना था। यदि लाल किला जाते तो प्रधानमंत्री का कार्यक्रम होने के कारण वहां अत्यधिक सुरक्षा-व्यवस्था होनी थी और यदि लाल किला जाते तो पार्टी के कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाते। यही सोचकर उन्होंने लाल किला नहीं जाने का निर्णय लिया।

# उप्र में स्वतंत्रता दिवस पर काला झंडा लेकर घूमे तीन छात्र, मामला दर्ज

**पीलीभीत (उत्तर प्रदेश)/भाषा।** पीलीभीत के कोतवाली इलाके में मंगलवार को स्वतंत्रता दिवस पर कथित रूप से काला झंडा लेकर घूमने वाले एक निजी स्कूल के तीन छात्रों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। स्वतंत्रता दिवस पर काला झंडा लहराते हुए बाइक पर घूम रहे तीनछात्रों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद यह कार्रवाई हुई है। क्षेत्राधिकारी अंजू जैन ने कहा, स्वतंत्रता दिवस पर एक बाइक पर सवार तीन छात्रों के काला झंडा लहराने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामले की जांच में पता चला कि तीनों एक स्थानीय स्कूल के छात्र और नाबालिग हैं।

# जसप्रीत बुमराह ने 11 महीने बाद भारतीय नेट्स पर गेंदबाजी की



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**डबलिन/भाषा।** चोटिल होने के कारण 11 महीने तक बाहर रहने वाले भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने बुधवार को यहां भारतीय नेट्स पर पूरी तेजी और कौशल के साथ गेंदबाजी की। इस 29 वर्षीय तेज गेंदबाज ने भारत की तरफ से अंतिम मैच 25 सितंबर 2022 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हैदराबाद में टी20 के रूप में खेला था। इसके बाद पीठ की चोट के कारण वह बाहर रहे और उन्हें ऑपरेशन करवाना पड़ा।

बुमराह ने तब बहुप्रतीक्षित वापसी की जब उन्हें आयरलैंड के खिलाफ शुक्रवार से डबलिन में शुरू होने वाले तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की शृंखला के लिए भारतीय टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। भारतीय टीम मंगलवार को आयरलैंड पहुंची और उसके एक दिन बाद ही उसने अभ्यास शुरू कर दिया।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक्स (पूर्व में ट्वीटर) पर एक वीडियो जारी किया है जिसमें बुमराह अपनी पूरी क्षमता से गेंदबाजी कर रहे हैं जो एशिया कप और विश्वकप से पहले भारतीय टीम के लिए अच्छी खबर है। बुमराह ने दाएं हाथ के बल्लेबाज को अपने तीखे बाउंसर से परेशान किया। इस कारण बल्लेबाज को नीचे झुक कर वह गेंद छोड़नी पड़ी। बाएं हाथ के बल्लेबाज को उन्होंने यार्कर से परेशान किया। बुमराह का नेट पर किया गया यह प्रदर्शन राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में की गई उनकी कड़ी मेहनत के नतीजे के रूप में देखा जा सकता है। भारतीय टीम में एक अन्य तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा भी शामिल हैं। वह भी चोटिल होने के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद वापसी कर रहे हैं।

# यूट्यूब कैंसर का उपचार संबंधी गलत सूचना को हटाएगा

**नई दिल्ली/भाषा।** गूगल के स्वामित्व वाला वीडियो स्ट्रीमिंग मंच यूट्यूब स्वास्थ्य संबंधी उन भ्रामक सामग्रियों को हटाएगा जो स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों या विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के दिशानिर्देशों के विपरीत है। यूट्यूब ने 15 अगस्त को एक ब्लॉगपोस्ट में कहा, आज से हम ऐसी सामग्रियों को हटा रहे हैं जो हानिकारक या अप्रभावी कैंसर उपचार को बढ़ावा देती हैं या ऐसी सामग्री जो दर्शकों को पेशेवर चिकित्सा के संबंध में हतोत्साहित करती है। आने वाले हफ्तों में इसमें और तेजी लाई जाएगी। कंपनी ने कहा कि वह अपने मंच पर उपलब्ध उन सामग्रियों को हटा देगी जिनमें लहसुन से कैंसर ठीक होने या विकिरण चिकित्सा के बजाय विटामिन सी लेने जैसे दावे किए गए हैं।

यूट्यूब के निदेशक गर्थ ग्राहम और कंपनी के उपाध्यक्ष मैट हेलप्रिन के ब्लॉगपोस्ट के अनुसार, चिकित्सा संबंधी गलत सूचना नीतियों के लिए दीर्घकालिक दृष्टिकोण के तहत दिशानिर्देश तीन श्रेणियों में होंगे। इनमें रोकथाम, उपचार और इनकार शामिल होंगे।

ब्लॉगपोस्ट में कहा गया, ये नीतियां विशिष्ट स्वास्थ्य स्थितियों, उपचारों और सामग्रियों पर लागू होंगी, जो स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों या डब्ल्यूएचओ के विपरीत है।

## सुविचार

**जो इंसान यह कहता है मैंने जीवन में कभी गलती नही की, तब समझ लेना की उस इंसान ने कभी कुछ नया करने की कोशिश ही नही की।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# संकेतों को समझें

हाल में अयोध्या के आस-पास के जिलों से जिस तरह आईएसआई के एजेंट और स्लीपर सेल गिरफ्तार हुए हैं, उसके संकेतों को समझने की जरूरत है। इससे कई सवाल भी पैदा होते हैं। जब उच्चतम न्यायालय ने नवंबर 2019 में ऐतिहासिक फैसला सुनाकर अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर निर्माण का रास्ता साफ कर दिया था, तब से ही पाकिस्तान में कट्टरपंथी बौखलाए हुए हैं। उन्होंने वहां कई हिंदू मंदिरों को नुकसान भी पहुंचाया है। पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई इसे एक सुनहरे मौके के तौर पर देख रही है। बहुत संभव है कि वह सरहद के दोनों ओर ऐसे तत्त्वों पर डोरे डाले, जिन्हें सांप्रदायिकता के नाम पर भड़काना आसान हो। यह न भूलें कि सोशल मीडिया पर आईएसआई के एजेंट कई अकाउंट बनाकर सक्रिय हैं। भारतीय खुफिया एजेंसियां उनका खुलासा कर चुकी हैं। आईएसआई इस ऑनलाइन फरेब में महिला एजेंटों का खूब इस्तेमाल कर रही है, जो खुद को भारतीय बताकर सामान्य युवकों से लेकर बड़ी उम्र के वैज्ञानिक तक को अपने मोहपाश में फंसा चुकी हैं। पिछले कुछ दिनों में उप्र-एटीएस ने जिन लोगों को आईएसआई का एजेंट और स्लीपर सेल होने के आरोप में गिरफ्तार किया, वे बेहद सामान्य पृष्ठभूमि से हैं। उन्हें देखकर कोई अंदाजा भी नहीं लगा सकता कि इनके आईएसआई से संबंध रहे होंगे, लेकिन अधिकारियों को उनके खिलाफ सबूत मिले हैं। अभी श्रीराम मंदिर के निर्माण का कार्य जारी है। अगले साल जब उसका उद्घाटन होगा तो वह क्षण अद्भुत होगा। दुनियाभर के करोड़ों रामभक्त विभिन्न माध्यमों से उसके साक्षी होंगे। लेकिन हाल में जिस तरह आस-पास के जिलों से एक के बाद एक आईएसआई के एजेंट और स्लीपर सेल गिरफ्तार किए गए हैं, उससे यह भी पता चलता है कि शत्रु देश की आंखों में भारत का सद्भाव बुरी तरह खटक रहा है। 'रंग में भंग डालना' पाक की पुरानी फ़ितरत है, लिहाज़ा भारत को सतर्क रहना होगा। विशेष रूप से भारतीय खुफिया एजेंसियों को गहरी नज़र रखते हुए खूब तालमेल से काम करना होगा।

उप्र-एटीएस ने जिस तरह आईएसआई के जाल का पर्दाफाश किया है, उसके लिए इसके अधिकारियों का कार्य प्रशंसनीय है। उप्र पुलिस पूर्व में भी आईएसआई के नापाक इरादों को नाकाम कर चुकी है। उप्र पुलिस के इंटेलिजेंस मुख्यालय ने जुलाई में पाकिस्तान के इंटेलिजेंस ऑपरेटिव (पीआईओ) से संबंधित सोशल मीडिया अकाउंट्स की जानकारी साझा की थी। यह देखकर हैरानी हुई कि उनसे भारतीय युवक बड़ी संख्या में जुड़े हुए थे और उनकी 'ख़ूबसूरती' की तारीफों के पुल बांध रहे थे। युवाओं को मालूम होना चाहिए कि हमारा पड़ोसी देश जिस तरह की चालें चल रहा है, उनमें वे (जाने-अनजाने) इस्तेमाल हो सकते हैं। आईएसआई उन नए-नए हथकंडों पर काम करती रहती है, जिससे वह भारतवासियों से संवेदनशील जानकारी निकलवा सके। पिछले दिनों आर्मी पब्लिक स्कूलों समेत कई स्कूलों के विद्यार्थियों को फोन कॉल और वॉट्सऐप संदेश मिलने का मामला सामने आया था, जो उन्हें सोशल मीडिया पर किसी खास ग्रुप से जुड़ने और संवेदनशील जानकारी साझा करने के लिए कह रहे थे। जिन नंबरों से कॉल और संदेश मिल रहे थे, उनका संचालन करने वाले लोग खुद को स्कूल शिक्षक बता रहे थे और विद्यार्थियों से कह रहे थे कि 'क्लास के नए ग्रुप' से जुड़ जाएं। वे उन्हें ओटीपी भी भेज रहे थे। जब कोई विद्यार्थी उस ग्रुप से जुड़ जाता तो उसे संवेदनशील जानकारी साझा करने के लिए कहा जाता। बाद में पता चला कि इनके पीछे शत्रु एजेंसियों का हाथ है। अगर कोई विद्यार्थी उन्हें अनजाने में ही अपने माता-पिता के कार्यस्थल, संपर्क सूत्र, स्कूल की दिनचर्या और समय, शिक्षकों के नाम, वर्दी आदि के बारे में जानकारी दे दे तो उसका दुरुपयोग किया जा सकता है। इसलिए सोशल मीडिया पर विशेष सावधानी बरतनी जरूरी है। किसी भी अनजान व संदिग्ध व्यक्ति के साथ कोई जानकारी साझा न करें। इससे शत्रु एजेंसियों के मंसूबों को नाकाम करने में मदद मिलेगी। जो लोग जानबूझकर शत्रु एजेंसियों को मदद पहुंचाएंगे, देश की सुरक्षा व सद्भाव से खिलवाड़ करेंगे, वे देर-सबेर पकड़े ही जाएंगे।

## ट्वीटर टॉक



मेरे प्रेरणापुंज, देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं 'भारत रत्न' अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्यतिथि पर सादर श्रद्धासुमन। एक युगपुरुष के रूप में उनकी जीवनी, आदर्श एवं सिद्धांत सदैव हमारा मार्गदर्शन करेगी तथा राष्ट्रप्रेमियों को युगों-युगों तक सर्वजन हिताय का पाठ पढ़ाती रहेगी।

**-वसुंधरा राजे**



राशमी (चितौड़गढ़) के रूद गांव निवासी वीर सपूत लादूलाल जी सुखवाल के लेह - लद्दाख में शहीद होने की खबर अत्यंत दुखद है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान एवं परिजनों को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करें।

**-दिया कुमारी**



नवरोज की पारसी भाई-बहनों व देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ। नूतन वर्ष आपके जीवन में खुशहाली,समृद्धि और सफलताएं लेकर आए। आज हम सभी सद्भावना और एकता के साथ सामूहिक प्रयासों से देश को आत्मनिर्भर बनाने में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने का संकल्प दोहराएं।

**-ओम बिरला**

## प्रेरक प्रसंग

# राष्ट्रभक्ति का गौरव

अपने जमाने के महान इतिहासकार, स्वाधीनता सेनानी, तेजस्वी पत्रकार तथा 'कर्मयोगी' के संपादक पंडित सुंदरलाल द्वारा लिखित 'भारत में अंग्रेजी राज' ग्रन्थ को सन 1929 में प्रकाशित होते ही अंग्रेजों ने जब्त कर लिया था। इस ग्रंथ में पंडित जी ने अंग्रेजों द्वारा भारतीय जनता पर ढाए गए अमानवीय अत्याचारों का रोमांचकारी वर्णन किया था। सुविख्यात वकील तेजबहादुर सप्रू ने इस ग्रंथ को जब्त किए जाने के विरुद्ध इलाहबाद उच्च न्यायालय में मामला दर्ज किया।

अंग्रेज न्यायाधीश ने ग्रंथ का अवलोकन करने के बाद कहा, 'मिस्टर सुंदरलाल, जिस अंग्रेजी राज ने भारत को विकसित और समृद्ध किया, उसे अत्याचारी लिखते हुए आपको शर्म नहीं आती?' पंडित सुंदरलाल जी ने उत्तर दिया, 'श्रीमन, जिन विदेशी अंग्रेजों ने मेरी मातृभूमि को गुलाम बनाया हुआ है, यहां के नागरिकों पर बर्बर अत्याचार किये हैं, उनके कुकृत्यों को दुनिया के सामने रखने के अपने कर्तव्यपालन में मुझे शर्म नहीं गौरव की अनुभूति हो रही है।' ये शब्द सुनते ही अंग्रेज न्यायाधीश निःशब्द हो गए।

## सामयिक

# लालकिले से प्रधानमंत्री के मन की बात

**ऋतुपर्ण दवे**
**मोबाइल : 9302640933**

लालकिले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का इस बार का उद्बोधन काफी अलग था, बल्कि यूँ कहें कि नए मिजाज और नए रिवाज साथ के साथ मन की बात तो गलत नहीं होगा। हर बार से अलग 'परिवारजनों' शब्द बोलकर शुरुआत कर इतना संकेत तो दे दिया था कि वो न केवल अलग बोलेंगे बल्कि ऐसा जिसके राजनीतिक मायने बहुत गहरे होंगे। वही हुआ। अपनी सरकार की उपलब्धियों का खाका खींचते हुए बड़ी बेबाकी से 2014 से अब तक के सफर पर प्रकाश डाला। मणिपुर का भी जिक्र कर जताया कि वो भी उतने चिंतित हैं जितने दूसरे। गुलामी के एक हजार वर्षों की बात कह उन्होंने कहा कि हम ऐसे संधिकाल में हैं जहाँ आगे के हजार साल की दिशा तय करनी है। युवाओं का कई बार जिक्र कर भरोसा जताते हुए कहा दुनिया में भारत अकेला ऐसा देश है जहां 30 वर्ष के युवा जनसंख्या में अधिक हैं, यही हमारी ताकत हैं। इनकी कोटि-कोटि भुजाएं और मस्तिष्क की क्षमताएँ देश को दुनिया में अलग स्थान देने तत्पर है। विश्व इन प्रतिभाओं से चकित है क्योंकि तकनीक के दौर में इनके टेलेण्ट से हम दुनिया में नई भूमिका में होंगे। महानगरों से लेकर दूर-दराज छोटे कस्बों में भी डिजिटल इण्डिया की धूम युवाओं के कमाल से है। प्रधानमंत्री को सुनने भारत के सीमावर्ती इलाकों के 600 गांवों के प्रधान भी आमंत्रित थे जिनका जिक्र करते हुए कहा कि जो कभी सीमावर्ती गांव होते थे आज वो पहली पंक्ति के हैं। ऐसा बदलाव बड़ी इच्छा शक्ति से संभव हो पाया है।

गठित नए मंत्रालयों की जरूरत बताते हुए कहा कि इससे कैसे-कैसे परिवर्तन और बेहतरी होगी। घर-घर पेयजल, पर्यावरण में सुधार के साथ मत्स्य पालन, पशु पालन, डेयरी उद्योग की बेहतरी होगी। सहकारिता मंत्रालय से अलग-



अलग तबकों को फायदा होगा। जब उनकी सरकार 2014 में सत्ता आई थी तब दुनिया में हमारी वैश्विक अर्थव्यवस्था दसवें क्रम पर थी, आज पांचवें पर है। हरित ऊर्जा, सौर्य ऊर्जा, वंदेभारत-बुलेट ट्रेन, बेहतर सड़कें, इलेक्ट्रिक बसें, 5-जी, क्वांटम कंप्यूटर, नैनो यूरिया, जैविक खेती उपलब्धियां हैं। उन्होंने बड़े आत्मविश्वास से कहा जिसका हम शिलान्यास करते हैं उसका उद्घाटन भी करते हैं। बड़ा सोचना और दूर का सोचना हमारी कार्यशैली है। 200 करोड़ वैक्सीनेशन पूरा करने का सामर्थ्य दुनिया के लिए उदाहरण है। 75 हजार अमृत सरोवर की कल्पना साकार होने वाली है। निश्चित रूप से जलशक्ति, जनशक्ति से पर्यावरण की दिशा में भी भारत बहुत आगे जा चुका है। अगले महीने से एक नई विश्वकर्मा योजना का एलान भी किया। इस दिन 13-15 हजार करोड़ रुपये से इसके जरिए पारंपरिक कौशल में लगे लोगों को मदद पहुंचेगी। नई संसद का जिक्र करते हुए कहा पुरानी संसद में कम जगह की चर्चा तो पिछले 25 सालों से हमेशा होती थी लेकिन नई संसद को पूरा कर दिखाने का सामर्थ्य मोदी ने ही दिखाया। उन्होंने कहा नया भारत न रुकता है, न थकता है न हाँफता है, न हारता है, इसीलिए सीमाएं सुरक्षित हुईं। सेना में बदलावों से ही सुरक्षा की अनुभूति हुई है। आतंकी-नक्सली हमलों में जबरदस्त कमी का बड़ा परिवर्तन दिखा। अपने सपने का घर हर कोई बनाना चाहता है। पैसों की दिक्कत के कारण पूरा नहीं हो पाता और मजबूरी में किराए के घर में रहना पड़ता है। इनके लिए सरकार की भावी योजना आ रही है जिसमें ब्याज पर लाखों रुपए की राहत मिलेगी।

भारतीय महिलाओं की विशेष चर्चा करते हुए कहा कि पूरी दुनिया इनका सामर्थ्य देख दंग है। अब कृषि के क्षेत्र में ड्रोन संचालन में भी महिला स्व-सहायता समूहों की बड़ी भूमिका होगी। इससे एग्रीटेक क्षेत्र में नई क्रान्ति होगी। भारत द्वारा दिए गए नारे वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिड तथा भारत की मेजबानी और जी-20 का दिया नारा वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर का खास जिक्र किया। सुप्रीम कोर्ट के फैसलों को मातृभाषा में भी उपलब्ध कराने पर आभार जताया। अब जजमेंट का ऑपरेटिव पार्ट आवेदक की स्थानीय भाषा में मिलेगा। वर्ष 2023 में 10वीं बार प्रधानमंत्री मोदी ने लालकिले के प्राचीर से दिए गए उनका भाषण 90 मिनट का था। 2022 में 84 मिनट 4 सेकेण्ड, 2021 में 88 मिनट, 2020 में 86 मिनट, 2019 में 92 मिनट, 2018 का 82 मिनट, 2017 में 57 मिनट, 2016 में 94 मिनट, 2015 में 86 मिनट तथा 2014 में 65 मिनट का भाषण दिया था। सबसे छोटा भाषण 2017 में दिया था जबकि सबसे बड़ा भाषण 2016 में दिया। एक गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री के रूप में लगातार 10 बार भाषण देकर प्रधानमंत्री ने कुल 13 घण्टे 46 मिनट 4 सेकेण्ड तक लालकिले की प्राचीर से देश को संबोधित किया।

'उनका दो बार कहना 'मेरे शब्द लिखकर रख लीजिए' बड़े इशारे हैं। पहली बार मेरे शब्द लिखकर रख लीजिए, इस कालखंड में हम जो करेंगे, जो कदम उठाएंगे, त्याग करेंगे, तपस्या करेंगे उससे आने वाले एक हजार साल का देश का स्वर्णिम इतिहास उससे अंकुरित होने वाला है।' 'दूसरी बार कहा इन दिनों जो मैं शिलान्यास कर रहा हूं, आप लिखकर रख लीजिए, उनका उद्घाटन भी आप सब ने मेरे नसीब में छोड़ा हुआ है।' प्रधानमंत्री ने स्वयं अपनी रणनीतिक आक्रामक व तिलमिला देने वाली शैली के तहत भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण के खिलाफ पूरे सामर्थ्य से लड़ने की बात कहने के साथ ही 2024 में भी लालकिले से फिर संबोंधन की बात कह विपक्ष पर जो तगड़ा प्रहार किया है उस पर एक अलग बहस तय है। जब आप यह पढ़ रहे होंगे तब तक तेजी से चर्चा भी शुरू हो चुकी होगी।

इतना तो साफ है कि कहीं न कहीं प्रधानमंत्री ने 2024 की जबरदस्त तैयारियों के संकेत भी दिए। 2014 में सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों का नाम लेकर सभी को देश की उपलब्धियों से जोड़ने वाले नरेन्द्र मोदी 2023 में बेहद बदले, अलग व सख्त तेवर में दिखे। रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म पर बोलने के मायने बहुत गहरे हैं। खास ब्यूरोक्रेट्स को इसका श्रेय देना और जताना कि मेरे लाखों हाथ-पैर देश के कोने-कोने में सरकार की जिम्मेदारियाँ बखूबी निभा रहे हैं कहना बड़ी राजनीतिक चतुराई है। यह विश्वास जताना क्या बताता है कहने की जरूरत नहीं। अब इसे 2024 का शंखनाद कहे, चुनावी भाषण या देश की मौजूदा तस्वीर। हां इतना तो है कि लालकिले से इस बार मोदी ने मन बात जरूर कही है।

## नजरिया

# भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण ने देश को नोचा

**बाल मुकुन्द ओझा**
**मोबाइल : 9414441218**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ने तीन बुराइयों पर जमकर हमला बोलते हुए जनता से इन्हें समाप्त करने के किए सहयोग माँगा। प्रधान मंत्री लाल किले से देशवासियों को सम्बोधित करते हुए कहा भ्रष्टाचार ने हमारे देश को दीमक की तरह नोंच लिया है। लेकिन ये मोदी के जीवन का कमिटमेंट है कि मैं भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ता रहूंगा। दूसरा, परिवारवाद ने हमारे देश को नोंच लिया है। परिवारवाद ने जिस तरह से देश को जकड़ रखा है, इसने लोगों का हक छीना है। तीसरी बुराई तुष्टिकरण की है। तुष्टिकरण ने देश की मूलभूत चिंतन को, हमारे राष्ट्रीय चरित्र को दाग लगा दिए हैं. तहस-नहस कर दिया है. इसलिए हमें इन बुराइयों- भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण के साथ पूरे सामर्थ्य के साथ लड़ना है। इन तीन बुराइयों से मुक्ति पाना है।

आज़ादी के बाद से ही देश की सियासत में परिवारवाद का डंका बजता रहा है। इनमें सबसे बड़ा सियासी परिवार नेहरू-गांधी का है जिसकी पांचवीं छठी पीढ़ी राजनीति में सक्रीय है। कहने का मतलब है मोतीलाल नेहरू से लेकर राहुल गांधी तक सियासी समर में सक्रिय



है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन दिनों परिवारवादियों से खासे खफा है। प्रधानमंत्री परिवारवाद को लेकर विरोधियों पर जमकर हमला बोल रहे है। मोदी कहते है परिवारवाद की वजह से ही देश के युवाओं को, देश की प्रतिभाओं को राजनीति में आने का अवसर भी नहीं मिलता है। परिवारवाद उनके हर सपनों को कुचलता है, उनके लिए हर दरवाजा बंद करता है। इसलिए, आज 21वीं सदी के भारत के लिए परिवारवाद से मुक्ति, परिवारवादी पार्टियों से मुक्ति एक संकल्प भी है।

भारत में भ्रष्टाचार ने लगता है संस्थागत रूप धारण कर लिया है। देश और विदेश की अनेक जानी मानी संस्थाओं ने समय समय पर जारी अपनी रिपोर्टों में यह जाहिर किया है की लाख प्रयासों के बाद भी भारत में भ्रष्टाचार कम होने के बजाय बढ़ा है। भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने खुलेआम यह कहा है की वे न तो खाएंगे और न खाने देंगे। मोदी अपनी बात पर कायम रहे मगर भ्रष्टाचार पर काबू नहीं पाया जा सका है। हमारे देश में भ्रष्टाचार इस हद तक फैल चुका है कि इसने समाज की बुनियाद को ही बुरी तरह हिला कर रख दिया है। जब तक मुट्ठी गर्म न की जाए तब तक कोई काम ही नहीं होता। भ्रष्टाचार एक संचारी बीमारी की भांति इतनी तेजी से फैल रहा है कि लोगों को अपना भविष्य अंधकार से भरा नजर आने लगा है और कहीं कोई भ्रष्टाचार मुक्त समाज की उम्मीद नजर नहीं आरही है। मंत्री से लेकर संतरी और नेताओं तक पर भ्रष्टाचार के दलदल में फंसे है। हालात इतने बदतर हैं कि निजी क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं है। सिविल सोसाइटी और मीडिया के दवाब में सरकारी एजेंसियां भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई को अंजाम तो दे रही हैं मगर उनकी गति बेहद धीमी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भाजपा ने तय किया है कि वह तुष्टिकरण और वोटबैंक की राजनीति के बजाए संतुष्टिकरण के रास्ते पर चलेगी। यह मेहनत वाला रास्ता होता है, पसीना बहाना पड़ता है। भाजपा ने तय किया हमें तुष्टिकरण या वोट बैंक के रास्ते पर नहीं चलना है। हम मानते हैं कि देश का भला करने का रास्ता तुष्टिकरण नहीं है।

## चिंतन

# महाराष्ट्र की राजनीति के भविष्य का अनुमान आसान नहीं

**अशोक भाटिया**
**मोबाइल : 9221232130**

कहा जाता है कि राजनीति में कब क्या हो जाए, कुछ कहा नहीं जा सकता। एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे का साथ छोड़ दिया और भाजपा के साथ मिल गए। एकनाथ शिंदे ने जब उद्धव ठाकरे का साथ छोड़ा तो महाराष्ट्र की राजनीति में खूब घमासान मचा और कई बयान सामने आये जिसमें एकनाथ शिंदे की जमकर आलोचना की गई। इसके बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने भी उद्धव ठाकरे की आलोचना करने का कोई मौका नहीं छोड़ा। अब महाराष्ट्र की राजनीति में फिर से हलचल है। आखिर अजीत पवार बार-बार शरद पवार से मुलाकातें क्यों कर रहे हैं। क्या भारतीय जनता पार्टी को इन मुलाकातों से अनजान हैं। कहा जा रहा है कि अजीत पवार की कोशिश शरद पवार को अपने साथ लाने की है, वह चाहते हैं कि एनसीपी एकजुट हो कर रहे, लेकिन शरद पवार मान नहीं रहे, उन्होंने इस बार भी अजीत पवार को दो-टूक जवाब दिया है कि वह भाजपा के साथ कभी नहीं जाएंगे।

जब राजनीति में शरद पवार के 50 साल पूरे होने का पुणे में जश्न मनाया गया तो पवार को सम्मानित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और महाराष्ट्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस दोनों मौजूद थे। पवार और मोदी दोनों ने एक दूसरे की तारीफ़ की, मोदी ने यहां तक कहा कि राजनीति के शुरुआती दिनों में पवार ने उनका साथ दिया था। तब शरद पवार ने उनकी तारीफ़ करते हुए कहा था कि वह मोदी के काम करने के तरीके से आश्चर्यचकित हो जाते हैं, कल वह जापान में थे और सुबह वह गोवा गये, दोपहर में बेलगाम आये और अब वह वीएसआई पूना में हैं। मुझे नहीं पता कि वह रात में कहां जा रहे हैं। पवार ने कहा यह देश के हित के प्रति उनकी पूर्ण प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसके कुछ महीने बाद ही मोदी सरकार ने जनवरी 2017 में शरद पवार को पद्म विभूषण से सम्मानित किया था। अब यह बात किसी के पल्ले नहीं पड़ रही कि अजीत पवार की मुलाकातें शरद पवार को भाजपा के साथ लाने की कोशिशों का हिस्सा है। कुछ दिन पहले जब अजीत पवार और अन्य मंत्री अचानक शरद पवार से मिलने पहुंच गए थे, तो सुप्रिया सुले को समझ नहीं आया था कि यह क्या हो रहा है। उन्हें डर था कि अजीत पवार दबाव डाल कर शरद पवार से कुछ गलत न करवा लें, इसलिए उन्होंने फोन करके महाराष्ट्र एनसीपी के अध्यक्ष जयंत पाटिल को बुला लिया था, लेकिन शनिवार 12 अगस्त को पुणे में हुई गोपनीय बैठक में जयंत पाटिल भी मौजूद थे। कहा जाता है कि शरद पवार दोस्त और दुश्मन दोनों को बेहतर साधना जानते हैं। पवार के लिए मशहूर है कि दोस्त से ज्यादा वो दुश्मनों को अपने नजदीक रखने की कला जानते हैं। यही वजह है कि पवार कब किसके साथ हैं इसका अंदाजा महाराष्ट्र की अघाड़ी सहित देश की विपक्षी पार्टियां भी नहीं लगा पा रही हैं। शरद पवार के एक फैसले ने विपक्षी एकता की मजबूती की कलई पूरे देश के सामने खोल दी है। लेकिन विपक्षी पार्टियां इतनी मजबूर हैं कि वो विरोध का स्वर तेज भी नहीं कर पा रही हैं। पवार की दो नाव पर चलने की यही सलाहियत उन्हें पानी में डूबने नहीं देती है। लेकिन शरद पवार के इस फैसले से विपक्षी एकता की नैया पार होने से पहले ही डूबती नजर आ रही है।

दरअसल शरद पवार और प्रधानमंत्री की एक मंच पर कैमिस्ट्री देखकर विपक्षी पार्टियां हिल गई हैं। विपक्षी दलों के कई नेता इस मुलाकात के बाद शरद पवार के रवैये से उलझन में हैं। ज़ाहिर है शरद पवार वाकई विपक्षी एकता के गठबंधन में बने रहेंगे या नहीं इसको लेकर सुगबुगाहट तेज हो गई है। हालांकि, प्रधानमंत्री मोदी के साथ मंच साझा करने के अगले दिन बुधवार को शरद पवार दिल्ली में आई.एन.डी.आई.ए. की बैठक में भी नजर आए। बावजूद इसके शरद पवार की कई गतिविधियां विपक्षी नेताओं के मन में संदेह पैदा कर रही हैं।

अजित पवार गुट के एनसीपी से अलग होने के बावजूद अजित गुट पर कोई कार्रवाई नहीं करने को लेकर उद्धव ठाकरे की शिवसेना सहित कांग्रेस और तमाम अन्य पार्टियां असमंजस की स्थिति में हैं। ज़ाहिर है शरद पवार का भतीजे के प्रति प्रेम और टूट के बाद दो बार अजित गुट के कुनबे से मुलाकात और फिर प्रधानमंत्री मोदी के साथ मंच साझा करना विपक्षी पार्टियों का मनोबल नीचा कर रहा है। इसलिए आज बुधवार को शरद पवार गुट के एनसीपी अध्यक्ष जयंत पाटिल के साथ इस विषय पर कांग्रेस और उद्धव की शिवसेना की मुलाकात होने वाली है जिसमें शरद पवार के एसीपी गुट के फैसले को लेकर गंभीर मंत्रणा होने की उम्मीदे हैं। कहने को भले ही महाराष्ट्र विधानसभा में रणनीति बनाने को लेकर ये मुलाकात हो रही है लेकिन शरद पवार की एनसीपी गुट का रुख क्या रहने वाला है इस पर कांग्रेस और उद्धव की शिवसेना गहरी मंत्रणा जरूर करने जा रही है।

एनसीपी का दबदबा 11 लोकसभा सीटों पर बताया जाता है। अजित गुट के अलग होने के बावजूद भाजपा शरद पवार को अपने पक्ष में करने की रणनीति पर काम कर रही है। भाजपा महाराष्ट्र में अपने टार्गेट को हर हाल में पूरा करना चाहती है। भाजपा के इंटरनल सर्वे में लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र में 20 से 24 सीटें मिलने की उम्मीद है। वहीं शिदें गुट की शिवसेना चार से पांच सीटें से ज्यादा एनडीए को जिताने में सफल नहीं रहने वाली है। इसलिए भाजपा मानती है कि शरद पवार और अजित पवार की एनसीपी इकट्ठा भाजपा के साथ आ जाती है तो भाजपा अपने 45 सीटों के लक्ष्य को आसानी से पूरा कर लेगी और केंद्र में तीसरी बार सत्ता पाने के लक्ष्य को पूरा कर सकेगी।

शरद पवार 27 साल में पहली बार एमएलए बने थे और इमरजेंसी में इंदिरा गांधी का विरोध कर कांग्रेस से अलग राह अख्तियार कर दोबारा 1980 में साथ आ चुके हैं। वर्ष 2003 में सोनिया गांधी के विदेशी मूल के होने की वजह से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार का विरोध करने वाले शरद पवार साल 2004 से 2014 तक यूपीए में केंद्रीय मंत्री बने रहे हैं। ज़ाहिर है शरद पवार की सियासी चाल को समझ पाना उनके दोस्त और विरोधी दोनों के लिए आसान नहीं रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साल 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद शरद पवार को अपना राजनीतिक गुरू बता चुके हैं। प्रधानमंत्री मोदी के साथ शरद पवार की बेहतरीन कैमिस्ट्री किसी से छुपी नहीं है। इसलिए शरद पवार ऐन वक्त पर क्या करेंगे इसको लेकर विपक्षी पार्टियों में असमंजस की स्थिति बरकरार है। विपक्षी पार्टियों की असमंजस की स्थिति का फायदा भाजपा उठाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी, ये आशंका उद्धव गुट की शिवसेना पहले भी ज़ाहिर कर चुकी है। ज़ाहिर है शरद पवार की राजनीतिक लीला जो भी हो लेकिन शरद पवार के एक फैसले से विपक्ष का कुनबा मजबूत होने से पहले ही दरकता दिख रहा है।

महत्त्वपूर्ण
Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंडर एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# हर्षोल्लास से मनाया गया 77वां स्वतंत्रता दिवस

## दपरे महाप्रबंधक ने राष्ट्र की सेवा में रेलवे के योगदान का जिक्र किया




दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हुब्बली/दक्षिण भारत। दक्षिण पश्चिम रेलवे (दपरे) के महाप्रबंधक संजीव किशोर ने मंगलवार को 77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर यहां रेल सौधा में तिरंगा फहराया। इस दौरान उन्होंने कुछ प्रमुख उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए इस बात पर खुशी जाहिर की कि दपरे ने वर्ष 2022-23 में केपीआई में सभी क्षेत्रीय रेलवे के बीच पहला स्थान हासिल किया है। रेल मंत्रालय द्वारा 'स्वच्छता पखवाड़ा 2022' के दौरान दपरे को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला रेलवे जोन भी घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि अप्रैल से जुलाई 2023 की अवधि (यानी, वित्तीय वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही) के दौरान, दपरे ने 2,760 करोड़ रुपए का सकल मूल राजस्व दर्ज किया है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 12 प्रतिशत ज्यादा है।

उन्होंने उल्लेख किया कि दपरे ट्रेन परिचालन में सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। जनवरी से जुलाई, 2023 की अवधि में 21 लेवल क्रॉसिंग गेट बंद कर दिए गए, 06 रोड ओवर ब्रिज और 16 रोड अंडर ब्रिज का काम पूरा कर लिया गया है। इसी अवधि में 26 पुलों का जीर्णोद्धार किया गया है।

संजीव किशोर ने बताया कि दपरे ने पर्यावरण संरक्षण और स्थिरता की दिशा में कई पहल की हैं। वर्ष 2023 में 442 किलोवाट क्षमता के सौर पैनल स्थापित किए गए, जिससे जोन की कुल क्षमता 5348 किलोवाट तक बढ़ गई है।

इससे बिजली शुल्क पर प्रति वर्ष लगभग 2 करोड़ रुपए की बचत हुई है। महाप्रबंधक ने पूरे दपरे के कार्यबल की उनकी प्रतिबद्धता के लिए सराहना की। मुख्य अतिथि के संबोधन के बाद एसडब्ल्यूआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ हाई स्कूल के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसमें अतिरिक्त महाप्रबंधक यू सुब्बा राव, दक्षिण पश्चिम रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।



## तिरंगा फहराया, परेड का निरीक्षण किया

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। दक्षिण पश्चिम रेलवे के बेंगलूरु मंडल द्वारा रेलवे इंस्टीट्यूट ग्राउंड में %%वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक योगेश मोहन ने बतौर मुख्य अतिथि तिरंगा फहराया। उन्होंने आरपीएफ, स्काउट्स और गाइड्स की परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने रेलवे सुरक्षा बल से गार्ड ऑफ ऑनर लिया और दपरे के महाप्रबंधक द्वारा भेजा गया स्वतंत्रता दिवस संदेश पढ़ा। केन्द्रीय विद्यालय, शामा विद्या शाला एवं स्टेपिंग स्टोन के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा डॉग शो भी समारोह का हिस्सा था।

दक्षिण पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन (एसडब्ल्यूआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ) की बेंगलूरु मंडल अध्यक्ष शिखा अग्रवाल ने संगठन सदस्यों के साथ रेलवे अस्पताल का दौरा किया और मरीजों को फल तथा पेय पदार्थ वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने बेंगलूरु मंडल की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शोभा जगन्नाथ और अन्य अधिकारियों तथा कर्मचारियों की उपस्थिति में एसडब्ल्यूआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ द्वारा दान किए गए 50 लीटर क्षमता के जल शोधक का भी उद्घाटन किया।





## बुनियादी ढांचे और यात्री सुविधाओं में सुधार पर विशेष जोर

हुब्बली/दक्षिण भारत। दक्षिण पश्चिम रेलवे के हुब्बली मंडल ने रेलवे इंस्टीट्यूट (दक्षिण) क्रिकेट ग्राउंड में स्वतंत्रता दिवस मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक हर्ष खरे थे। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड का निरीक्षण किया। हर्ष खरे ने कहा कि हुब्बली मंडल निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। अप्रैल से जुलाई 2023 के दौरान, मंडल ने पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 5.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 11.27 मिलियन टन माल ढुलाई की है। जुलाई 2023 के अंत तक अर्जित माल ढुलाई राजस्व 1163 करोड़ रुपए है, जो पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 7.5 प्रतिशत अधिक है। अप्रैल से जुलाई 2023 के दौरान, मंडल ने 101 लाख यात्रियों को परिवहन सुविधा दी और 175 करोड़ रुपए का मूल यात्री राजस्व अर्जित किया। जुलाई के अंत तक मंडल की सकल कमाई 1368 करोड़ रुपए रही, जो पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि की तुलना में 10 प्रतिशत की वृद्धि है। बुनियादी ढांचे और यात्री सुविधाओं में सुधार पर विशेष जोर दिया जा रहा है। हर्ष खरे ने 24 कर्मचारियों को उनके अनुकरणीय कार्य और कर्तव्य के प्रति समर्पण के लिए पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसडब्ल्यूआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ-हुब्बली मंडल अध्यक्ष रुचि खरे, अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक संतोष कुमार वर्मा एवं संजय कुमार सिंह, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त जितेंद्र कुमार शर्मा समेत कई लोग मौजूद थे।



## स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष और बलिदान को याद किया

मैसूरु/दक्षिण भारत। दक्षिण पश्चिम रेलवे के मैसूरु मंडल ने रेलवे स्पोर्ट्स ग्राउंड में 77वां स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया। मंडल रेल प्रबंधक शिल्पी अग्रवाल ने वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों, उनके परिवार के सदस्यों, स्काउट्स और गाइड के सदस्यों और स्कूली विद्यार्थियों की मौजूदगी में तिरंगा फहराया। सभा को संबोधित करते हुए शिल्पी अग्रवाल ने विभिन्न क्षेत्रों में मंडल की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष और बलिदान को याद किया। शिल्पी अग्रवाल ने परिचालन सुरक्षा के प्रति मंडल की अटूट प्रतिबद्धता को दोहराया और बताया कि विभिन्न सुरक्षा सेमिनार आयोजित किए गए, जिसमें ट्रेन संचालन में शामिल सभी विभागों के 100 प्रतिशत पर्यवेक्षकों को शामिल किया गया। प्रथम पहल में, ऑनलाइन सुरक्षा सेमिनार भी आयोजित किए गए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी वर्गों के फ्रंटलाइन कर्मचारी सुरक्षित काम के तरीकों में पारंगत हों। इसके अतिरिक्त, एक एसएमएस-आधारित सुरक्षा अभियान शुरू किया गया। मैसूरु मंडल ने आपदा प्रबंधन और तैयारियों पर भी ध्यान केंद्रित किया है। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, कर्नाटक फायर एंड इमरजेंसी सर्विसेज, राज्य पुलिस और अन्य संगठनों को शामिल करते हुए पूर्ण पैमाने पर मेगा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मंडल ने सुरक्षा के प्रति उनके असाधारण समर्पण के लिए 75 स्टाफ सदस्यों को भी सम्मानित किया। यात्रियों की सुरक्षा पर जोर सर्वोपरि बना हुआ है।



# पावर ग्रिड ने इंटर रीजन ब्रिज टूर्नामेंट का आगाज किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

तिरुवनंतपुरम। महारत्न पीएसयू पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लि. ने 16 से 18 अगस्त के दौरान होने वाले इंटर रीजन ब्रिज टूर्नामेंट का हाईसिंथ होटल में आगाज़ किया।

पावर ग्रिड के कार्यकारी निदेशक (दक्षिणी क्षेत्र-द्वितीय) तरुण बजाज ने इसका उद्घाटन किया। इस अवसर पर स्टेशन आई/सी त्रिवेन्द्रम एसएस दक्षिणी क्षेत्र-द्वितीय महाप्रबंधक जयश्री टीजे भी मौजूद थीं। टूर्नामेंट की मेजबानी पावर ग्रिड के दक्षिणी क्षेत्र-द्वितीय द्वारा की जा रही है।

इसमें दक्षिणी क्षेत्र-द्वितीय, दक्षिणी क्षेत्र-प्रथम, पश्चिमी क्षेत्र-प्रथम सहित विभिन्न क्षेत्रों से 11 टीमें भाग ले रही हैं। हर टीम में सात (पुरुष) प्रतिभागी शामिल हैं। तीन दिवसीय टूर्नामेंट में खिलाड़ी जोड़ी स्पर्धाओं और टीम स्पर्धा चैंपियनशिप के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे, जो कि ब्रिज फेडरेशन ऑफ इंडिया से संबद्ध केरल ब्रिज एसोसिएशन के तत्वावधान में तिरुवनंतपुरम जिला ब्रिज एसोसिएशन द्वारा आयोजित किया जा रहा है। बताया गया कि खेल को पावर ग्रिड संस्कृति का अभिन्न अंग माना जाता है।

कंपनी अपने कर्मचारियों के साथ सभी प्रतिष्ठानों के स्थानीय समुदायों के युवाओं के बीच खेलों को बढ़ावा देने का प्रयास करती है।

# रेल पहिया कारखाना महाप्रबंधक ने किया जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान





दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। रेल पहिया कारखाना (आरडब्ल्यूएफ) में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। महाप्रबंधक अर्चना जोशी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और सभा को संबोधित किया। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

जोशी ने जारी वित्तीय वर्ष के दौरान 23 जुलाई के आखिर तक आरडब्ल्यूएफ के उत्पादन और अन्य उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। आरडब्ल्यूएफ ने जुलाई 2023 तक 61,722 पहिए, 31753 एक्सल यूनिट और 20536 व्हीलसेट का निर्माण किया है। इसके द्वारा जुलाई 2023 के अंत तक 15.32 करोड़ रुपए का स्क्रैप बेचा गया है, जबकि आनुपातिक लक्ष्य 11.33 करोड़ रुपए है। उन्होंने बताया कि स्टाफ कॉलोनी में 300 लीटर का एसटीपी संयंत्र शुरू हो गया है।

जोशी ने जिम्मेदार नागरिक बनने और ईमानदारी व परोपकार की भावना के साथ देश की सेवा करने का आह्वान किया। इस अवसर पर रेलवे सुरक्षा बल, एनसीसी, भारत स्काउट्स और गाइड्स द्वारा मार्च पास्ट किया गया। उसके बाद केंद्रीय विद्यालय के कर्मचारियों और विद्यार्थियों का सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। जोशी ने प्ले स्कूल 'चंदामामा' क्रेच में भी राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

RWF 2

### दान



एसडब्ल्यूआर महिला कल्याण संगठन (एसडब्ल्यूआर-डब्ल्यूडब्ल्यूओ) की अध्यक्ष डॉ. वंदना श्रीवास्तव ने केंद्रीय अस्पताल, हुब्बली को दो आरओ व यूवी जल शोधक, रिचार्जेबल टॉर्च और डिजिटल वजन मशीनें दान कीं। मरीजों को फल भी वितरित किए। इसके अलावा, डॉ. वंदना श्रीवास्तव ने एसडब्ल्यूआर-डब्ल्यूडब्ल्यूओ इंग्लिश मीडियम स्कूल, गडग रोड में नवनिर्मित एनेक्सी बिल्डिंग का उद्घाटन किया। 44 लाख रुपए की लागत से निर्मित इस भवन में नया प्रिंसिपल चैंबर, साइंस लैब और एक अतिरिक्त क्लास रूम शामिल हैं। इस दौरान दपरे के महाप्रबंधक संजीव किशोर और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।



# केनरा बैंक ने स्वतंत्रता दिवस मनाया

## बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ के सत्यनारायण राजू ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। देश के सबसे बड़े राष्ट्रीयकृत बैंकों में से एक, केनरा बैंक ने मंगलवार को बेंगलूरु स्थित अपने प्रधान कार्यालय में 77वां स्वतंत्रता दिवस मनाया। इस अवसर पर, बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ के सत्यनारायण राजू ने कार्यकारी निदेशक देबाशीष मुखर्जी और अशोक चंद्रा के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराया और सभा को संबोधित किया। इस दौरान बैंक ने विभिन्न सीएसआर गतिविधियां आयोजित कीं।

### स्वतंत्रता दिवस



आईटीआई लिमिटेड ने मंगलवार को आईटीआई कॉर्पोरेट कार्यालय, आईटीआई सेंट्रल स्कूल और आईटीआई बेंगलूरु प्लांट में देश का 77वां स्वतंत्रता दिवस मनाया, जहां सीएमडी राजेश राय ने तिरंगा फहराया और समारोह में शिरकत की। स्कूली बच्चों ने मार्च पास्ट और विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से उत्साहपूर्वक भाग लिया।



# हिन्दी शिक्षण संघ में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के विक्टोरिया रोड स्थित हिंदी शिक्षण संघ में स्वतंत्रता दिवस समारोह के मौके पर संघ के महामंत्री शांतिलाल चोपड़ा ने ध्वजारोहण किया। महामंत्री ने संस्थान के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कोषाध्यक्ष इंदरचंद भंसाली ने बच्चों को आजादी के महत्व के बारे में बताया। तेजराज लोढ़ा ने देश के अमर शहीदों पर प्रकाश डाला। संघ के अंतर्गत संचालित संस्थाएं पीयू कॉलेज एवं डिग्री कॉलेज, इंदिरानगर में प्रभात फेरी का आयोजन हुआ।

पीयू कॉलेज प्राचार्या वाणी मैडम ने बताया कि जन जागरण हेतु प्रभात फेरी निकाली गई। आरटी स्ट्रीट स्थित पतासीबाई लुनिया एवं हुक्मीचंद खींचा हिंदी पाठशाला के बच्चों द्वारा भी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

इस कार्यक्रम में अशोक कोठारी, उत्तमचंद कोठारी, शांतिलाल लुणावत, मानक लुणावत, मनोहर डुड़ेरिया, पंडित राजगुरु, अनिल भंसाली आदि उपस्थित थे।

बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की पेशकश की। अंत में डीपीएच हाई स्कूल की प्राचार्य रेणुका महेश ने धन्यवाद ज्ञापन किया। जेएफपी श्रीश्रीमाल फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा बच्चों को लड्डू वितरित किए गए।।

# पार्श्वनाथ जैन मंदिर के परिसर में हुआ ध्वजारोहण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

गदग। शहर के राजस्थान जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ के तत्वावधान में पार्श्वनाथ जैन मंदिर के परिसर मे संघ के अध्यक्ष पंकज बाफ़ना ने स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य मे ध्वजारोहण करते हुए स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया। साध्वी परागप्रभाजी ने कहा कि पूरे विश्व में भारत अपनी संस्कृति और परंपरा के लिये प्रसिद्ध देश है। ये विभिन्न संस्कृति और परंपरा की भूमि है। भारत विश्व की सबसे पुरानी सभ्यता का देश है। अपनी खुद की संस्कृति और परंपरा का अनुसरण करने के द्वारा भारत में लोग शांतिपूर्ण तरीके से रहते हैं। इस अवसर पर संघ के समिति सदस्य हरीश शाह, गौतम खिंवेसरा, निर्मल पारेख, राजेश श्रीश्री माल, सचिन जैन, जितेन्द्र गोलेछा, शांतिलाल बंदा, प्रकाश बाफ़ना, जवाहरलाल बंदा, अरविन्द भंसाली, दिलीप ओस्तवाल, विक्रम गादिया, गौतमचंद कवाड समेत महिला संगठन की कई सदस्याएं उपस्थित थी।



RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

जीतो लेडीज़ विंग बेंगलूरु साउथ चैप्टर द्वारा जीतो गर्ल्स हॉस्टल में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत 'सुंदर तथा स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण' का आयोजन किया। इस मौके पर अनेक सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जिसमें अनके सदस्याओं ने भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक उदय गरुड़ाचार सहित कमेटी सदस्याओं ने झंडारोहण किया।



# गौड़ ब्राह्मण संघ महिला समिति ने मनाई हरियाली तीज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के गौड़ ब्राह्मण संघ कर्नाटक की महिला समिति द्वारा आजादी पर्व के दिन सिटी रेलवे स्टेशन के पास एक होटल में हरियाली तीज का आयोजन किया गया जिसमें महिलाएं पारम्परिक वेशभूषा में उपस्थित थीं तथा महिलाओं व बच्चों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर मुख्य अतिथि अंजना शर्मा ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

संयोजिका हंसा शर्मा, संगीता शर्मा, सविता शर्मा, सुविधा शर्मा, मनीषा शर्मा आदि ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। हंसा शर्मा ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## गायत्री परिवार

अखिल विश्व गायत्री परिवार की बेंगलूरु इकाई के सदस्यों ने प्रवासी मजदूरों को जीवनयापन के लिए उपयोगी सामग्री जैसे कपड़े, छाता, साड़ी, विद्यार्थियो के लिए, नोटबुक, पेन, पेंसिल सहित बच्चों के लिए चॉकलेट, बिस्किट, खिलौने आदि का वितरण किया गया। गायत्री परिवार के सदस्य उषा कदंब, परिव्राजक कमलेश खरे, गायिका गायत्री गोयल, प्राची गोयल, प्रज्ञा गोयल, दिलीप गोयल ने सहयोग किया।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## मैसूरु समता भवन

मैसूरु के साधुमार्गी जैन संघ के अध्यक्ष सुरेशकुमार दक, उपाध्यक्ष नेमीचंद श्रीमाल, समता युवा संघ अध्यक्ष अनिल पोरवाड़, सचिव दिलीप नंदावत, समरथमल दक, पदम दक, गौतम देरासरिया, नवल कोठारी ने शहर में नव निर्मित समता भवन परिसर में राष्ट्रध्वज वंदन का आयोजन किया तथा पृथ्वी वर्ल्ड कार्यरत कर्मचारियों को मिठाई वितरित की गई।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## स्वतंत्रता दिवस मनाया

मैसूरु के जैन इन्टरनेशनल ट्रेड आर्गेनाइजेशन के साथ यूथ विंग के सदस्यों ने करुणापुरम स्थित सरकारी स्कूल में स्वतंत्रता दिवस मनाया व ध्वजारोहण किया। जीतो मैसूरु के चेयरमैन कांतिलाल चौहान,केकेजी जोन संयोजक चन्द्रगुप्त जैन, उपाध्यक्ष महेन्द्रकुमार जैन, मुख्य सचिव गौतम सालेचा, यूथ विंग चेयरमैन पुनीत जैन, उपाध्यक्ष अनमोल जैन,मुख्य सचिव हिमांशु जैन, प्रोजेक्ट निदेशक पुनीत जैन,सहनिदेशक दीक्षित जैन आदि ने झंडारोहण किया तथा स्कूली बच्चों को मिठाई, चाकलेट बांटी।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## सीरवी समाज बलेपेट

बेंगलूरु के सीरवी समाज कर्नाटक ट्रस्ट बलेपेट भवन में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया जिसमें ध्वजारोहण किया गया तथा मिष्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर बडेर के अध्यक्ष हरिराम गेहलोत, सचिव अमराराम चोयल, उपाध्यक्ष अन्नाराम परिहारिया, कोषाध्यक्ष मोतीराम लचेटा, सहसचिव भंवरलाल गेहलोत, राजूराम बर्फा, संत रामप्रकाश महाराज सहित महिला मंडल सांस्कृतिक कमेटी व गैर मंडल के सदस्य मौजूद रहे।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## महावीर इन्टरनेशनल

बेंगलूरु के महावीर इन्टरनेशनल बेंगलूरु चैप्टर द्वारा केजी नगर स्थित सरकारी स्कूल में ध्वजारोहण व नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। डाक्टर नरपत सोलंकी नेत्र चिकित्सालय टीम ने बच्चों की आंखों की जांच की। इस मौके पर जोनल चेयरमैन सुशील तलेसरा, बेंगलूरु चैप्टर चेयरमैन भारती तलेसरा छाजेड़, मंत्री विजयराज सिसोदिया, सहमंत्री अशोक छाजेड़, कोषाध्यक्ष सुरेश लखानी, रमेश दक, कैलाश संकलेचा, लालचंद जैन, फूड चेयरमैन राजेशकुमार जैन, आशीष बाफना, महावीर बरलोटा, शिव शर्मा आदि ने सहयागे किया। इसके अलावा शिव शर्मा व भारती तलेसरा ने सौजन्य से सिटी मार्केट में अन्नदान भी किया जिसमें 900 व्यक्ति लाभान्वित हुए।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत




## राजस्थान संघ अन्नदान

बेंगलूरु के राजस्थान संघ कर्नाटक ट्रस्ट के तत्वावधान कुसुमदेवी तेजराज मनोजकुमारआनंदकुमार मालाणी परिवार के सौजन्य से कॉटनपेट स्थित राज टॉवर के सामने अमावस्या के मौके पर अन्नदान किया गया, जिसमें 755 व्यक्तियों ने भोजन का लाभ लिया। लाभार्थी परिवार के साथ राजस्थान संघ कर्नाटक ट्रस्ट के अशोक चोपड़ा, कैलाश संखलेचा, भोपाल सोनवाडिया, रामलाल गन्ना, दिलीप मरलेचा, आनंद राव आदि ने सेवा प्रदान की।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## उत्तरप्रदेश सेवा मंडल ध्वजारोहण

बेंगलूरु के उत्तर प्रदेश सेवा मंडल ने मंगलवार को देश की आजादी का 77वाँ स्वतंत्रता दिवस गाँधीनगर स्थित शम्भू एंड कपनी के कार्यालय परिसर में मनाया। इस मौके पर मंडल के अध्यक्ष कृष्णकांत दुबे, सचिव वीके पटेल, व्यवस्थापक छोटेलाल चौरसिया, सहसचिव विवेक गोयल, पूर्व अध्यक्ष गोपाल चौरसिया, इंद्रदत्त द्विवेदी, मधु झंवर, प्रकाश, विजय चौरसिया सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## मायूमं स्वच्छता अभियान

बेंगलूरु के मारवाड़ी युवा मंच सेंट्रल ने इंडियन प्लॉगर्स आर्मी के साथ लालबाग अधिकारियों और झटका एनजीओ के साथ मिलकर लालबाग में 'प्लॉग रन 2023' व स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। कुल 1.5 किमी की दूरी से लगभग 15 बैग कचरा एकत्र किया तथा उपस्थित जनों ने सफाई रखने की शपथ ली। इस कार्य में कार्यक्रम संयोजक संदीप टिबरेवाल, कौशल सुल्तानिया, अध्यक्ष अंकित गोयल, प्लॉग मैन राज, सदस्य विवेक अग्रवाल आदि जुटे रहे।

# अक्षय कुमार बने भारतीय नागरिक

मुंबई/भाषा। अभिनेता अक्षय कुमार ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर अपने प्रशंसकों के साथ एक जानकारी साझा करते हुए मंगलवार को घोषणा कि की वह एक बार फिर से भारतीय नागरिक बन गए हैं। कनाडा की नागरिकता को लेकर अक्सर आलोचना का शिकार बनने वाले अक्षय कुमार ने एक्स पर अपने भारतीय नागरिकता प्रमाणपत्र की एक तस्वीर साझा की। 55 वर्षीय अभिनेता ने कहा, 'दिल और नागरिकता दोनों हिंदुस्तानी।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## स्वतंत्रता दिवस

बेंगलूरु के तेरापंथ सभा ट्रस्ट, महिला मंडल, कन्या मंडल, युवक परिषद, किशोर मंडल के सदस्यों ने सामूहिक रुप से तेरापंथ भवन में ध्वजारोहण किया। सभा के अध्यक्ष तेजमल सिंघवी, मुख्य अतिथि रवि सुब्रमण्यम, तेयुप अध्यक्ष अंकुश बैद सहित अनेक सदस्यों ने ध्वजारोहण किया।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## मंजूनाथनगर अन्नदान

बेंगलूरु के मंजूनाथनगर मर्चेंट एसोसिएशन के तत्वावधान में अमावस्या के मौके पर क्षेत्र के काडे अस्पताल के सामने बींसवा अन्नदान कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें लाभार्थी उत्तमचन्द अंकित आच्छा के सौजन्य से अध्यक्ष उत्तमचन्द आच्छा, मंत्री राकेश दलाल, बिंजाराम प्रजापत, रणित कोठारी, अशोक सेठिया, महावीर बांठिया, मंगलाराम सीरवी, किशोर, नवरतनमल टाक, रूपाराम, अंकित आच्छा ने सेवा दी।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## भारतीय राजपूताना सेवा संगठन

बेंगलूरु के भारतीय राजपूताना सेवा संगठन ने स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर व्हाइटफील्ड में ध्वजारोहण किया। इस सुनहरे पल में राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिलसिंह सिकरवार, राष्ट्रीय सचिव वीरेंद्र सिंह, बेंगलूरु अध्यक्ष सुनीलसिंह, उपाध्यक्ष परमेश्वरसिंह, व्हाइटफील्ड युवा अध्यक्ष रोहितसिंह, व्हाइटफील्ड मातृशक्ति अध्यक्ष सुभाषिनीसिंह आदि अनेक सदस्य उपस्थित थे। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने देश की आजादी के महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए आजादी की कीमत को समझाया। सभी ने इस महत्वपूर्ण दिन को उत्सवपूर्वक मनाया।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## जनरल मर्चेन्ट एसोसिएशन

बेंगलूर जनरल मर्चेंट एसोसिएशन के सदस्यों ने मामुलपेट में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर ध्वजारोहण किया तथा मिठाई बांटी। इस मौके पर अनेक मुद्दों पर चर्चा की। इस आयोजन में कृष्णमूर्ति, राजेन्द्र प्रसाद, सुरेश जैन, दिलीप भंडारी, मलतेश, नेमीचंद जैन, वालाराम आदि अनेक सदस्य उपस्थित थे।



# स्वतंत्रता दिवस पर जीतो गर्ल्स हॉस्टल में आयोजित हुई अनेक प्रतियोगिताएं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जीतो लेडीज़ विंग बेंगलूरु साउथ चैप्टर द्वारा जीतो गर्ल्स हॉस्टल में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत 'सुंदर तथा स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण' का आयोजन किया। इस मौके पर अनेक सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जिसमें अनके सदस्याओं ने भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक उदय गरुड़ाचार सहित कमेटी सदस्याओं ने झंडारोहण किया। गरुड़ाचार्य ने कहा कि महिलाएं हमारे समाज की धुरी हैं और उनमें परिवार और दुनिया को बदलने की ताकत है। जीतो अपेक्स डायरेक्टर विनोद जैन ने एक कविता के माध्यम से सभी महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। चेयरमैन दिनेश बोहरा, महामंत्री दीपक जैन, जीतो यूथ के चेयरमैन पिंकेश जैन व जीतो लेडीज़ विंग सयोजक संजय भंडारी ने लेडीज़ विंग के कार्यक्रमों की सराहना की।

जीतो लेडीज़ विंग चेयरपर्सन सुनीता गांधी ने सभी का स्वागत किया। पूर्व चेयरपर्सन अनिता पिरगल व पिंकी जैन, कमेटी सदस्य अर्पिता लदानी एवं यूथ विंग सदस्य प्राची जैन प्रतियोगिता के निर्णायक रहे। इस मौके पर रील बनाओ प्रतियोगिता में मनीषा पनानी, प्रेमलता बागरेचा, राजुल जैन क्रमश प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहीं।

समूह रील प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर टीम स्टेट पैट्रियट, दूसरे पर तितलियां और तीसरे स्थान पर टीम फ्रेंड्स फोरेवर रही। आर्ट एंड कल्चर संयोजक उर्मिला बरडिया एवं सह संयोजक सविता पोरवाल ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर जीतो गर्ल्स हॉस्टल के संयोजक अशोक करबावाला, सह संयोजक चित्रा मेहता, कविता मुथा, जीतो लेडीज़ विंग उपाध्यक्ष बबिता रायसोनी, कोषाध्यक्ष भारती छाजेड़, सहमंत्री संगीता पारख सहित अनेक सदस्याएं उपस्थित थीं।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## इलेक्ट्रॉनिक डीलर्स एसोसिएशन

बेंगलूरु के इलेक्ट्रॉनिक डीलर्स एसोसिएशन द्वारा एसपी रोड में स्वतन्त्रता दिवस उत्सव के मौके पर मुख्य अतिथि सिल्वर जुबली पार्क के इंस्पेक्टर गुरु प्रसाद के साथ एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश धोका, उपाध्यक्ष विशाल वरंदानी, ललित डाकलिया, किशोर राजपुरोहित, महामंत्री अरुण लुणावत, कोषाध्यक्ष जयंतीलाल ओसवाल और अन्य पदाधिकारियों ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर अन्नदान कार्यक्रम का भी आयोजन किया जिसमें 1100 लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के संयोजन में रिषी राजपुरोहित, अनिल राजपुरोहित, विनोद राजपुरोहित और उनकी टीम का सहयोग रहा। रमेश धोका ने सभी का स्वागत किया तथा स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## भोजपुरी समाज सेवा समिति

बेंगलूरु के भोजपुरी समाज सेवा समिति के सदस्यों ने अपने इंदिरानगर स्थित प्रधान कार्यालय पर स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया। समिति के संस्थापक अध्यक्ष एवं चेयरमैन संजयसिंह उज्जैन ने स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया तथा उनके कुर्बानियों को याद किया। समारोह में भोजपुरी समाज के उपाध्यक्ष जीतेन्द्रमोहन सिंह, सचिव गिरीश पांडेय, कोषाध्यक्ष जेबी सिंह, उपसचिव ललितेश्वरप्रसाद सिंह, ट्रस्ट बोर्ड की सदस्या चन्दा सिंह, रामपति देवी, सांस्कृतिक कार्यक्रम मंत्री सुनीता पांडेय, मीडिया प्रभारी अनीता गुप्ता आदि अनेक सदस्य उपस्थित थे। इस अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं एवं बच्चों ने भाग लिया।

# पृथ्वीराज बने पारीक समाज के अध्यक्ष, रामवतार बने सचिव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com





बेंगलूरु। स्थानीय पारीक समाज की साधारण सभा में अध्यक्ष मनोज पारीक ने अपने कार्यकाल मेंस सहयोग देने वाले सदस्यों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। सचिव कैलाश जोशी ने भी सचिव रिपोर्ट पेश की । कोषाध्यक्ष प्रकाश पारीक ने आय व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। चुनाव अधिकारी सुभाष जोशी ने नई कार्यकारिणी समिति के लिए पृथ्वीराज पारीक को अध्यक्ष और रामवतार जोशी को सचिव पद के लिए नियुक्त करने की घोषणा की। समिति में कैलाश जोशी उपाध्यक्ष , प्रकाश पारीक सहसचिव, कोषाध्यक्ष राधेश्याम जोशी, सह कोषाध्यक्ष विष्णु पारीक का चयन किया गया। रमेश पारीक, विमलेश जोशी, सांवरमल, रामगोपाल, पवनकुमार, भवानीशंकर, राकेश पारीक को कार्यकारिणी समिति में शामिल किया है। नए अध्यक्ष ने सभी के प्रति आभार जताया। चुनाव के लिए सुरेश पारीक व रामकिशोर पारीक को मनोनीत सदस्य नियुक्त किया गया।

Printed & Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com